




आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 27 | अंक : 149 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 20 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8


# सेना ने पाकिस्तान को धूल चटाई : मुख्यमंत्री

## कासगंज को 724 करोड़ की योजनाओं की दी सौगात

**कासगंज ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कासगंज जिले को आज 724 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। इसमें कुछ योजनाओं का लोकार्पण किया गया तो कुछ योजनाओं का शिलन्यास। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पाकिस्तान पर जमकर बरसे। उन्होंने भारतीय सेना की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर उसे धूल चटाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का नया भारत सहता नहीं जवाब देता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कासगंज जिले में बनी नई पुलिस लाइन का उद्घाटन किया। यह पुलिस लाइन 36.63 हेक्टेयर भूमि पर बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने जिले में 724 करोड़ रूपये की 60 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान पर बड़ा हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सेना



ने पाकिस्तान को उसकी सीमा में घुसकर धूल चटाई और करारा जवाब दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' इसका उदाहरण है। सीएम ने कहा कि अब सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा सकता। पिछले 10 वर्षों में सेना और मजबूत हुई है। नया भारत हमले सहता नहीं, जवाब देता है। आतंक का खात्मा करने की क्षमता भारतीय सेना के पास है। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाया कि गुंडों के जरिए अराजकता फैलाती थी लेकिन आज प्रदेश से गुंडों का खौफ खत्म हो गया है।

### इनका हुआ लोकार्पण

- अलीपुर बरबारा में सहसवान के मध्य गंगा नदी पर सेतु एवं सेतु तक पहुंच मार्ग का निर्माण
- पुलिस लाइन में आवासीय भवनों का निर्माण कार्य
- पुलिस लाइन में अनावासीय भवनों का निर्माण कार्य
- अमांपुर, सिढ़पुरा, पटियाली मार्ग के किलोमीटर एक से 16 तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य
- कासगंज बाइपास पर समानांतर निचली गंगा नहर के किलामीटर 53 पर निर्मित एक्वाडक्ट के समानांतर काली नदी पर सेतु, पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य का निर्माण
- कासगंज में धुमरी से सिढ़पुरा तक मार्ग के चौड़ीकरण एव सुदृढ़ीकरण का कार्य

### इनका हुआ शिलान्यास

- नगरपालिका कासगंज परिषद में पुनर्गठन पेयजल योजना
- मुख्यमंत्री माडल कम्पोजिट विद्यालय ग्राम नवादा का निर्माण कार्य
- कासगंज गढ़ी पंचगई ढोलना मार्ग पर चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य
- एटा, अमांपर, सहावर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य
- अमांपुर-मोहनपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।

# राहुल गांधी की तुलना मीर जाफर से की



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया। इस ऑपरेशन की सफलता को लेकर एक तरफ जहां सरकार देश-विदेश में अभियान चला रही है। वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी इस ऑपरेशन का हिसाब-किताब मांगने में जुटे हैं। ऐसे में अब बीजेपी नेता ने राहुल गांधी की तुलना मीर जाफर से कर दी है। उन्होंने एक बार फिर विवादित ट्वीट किया है।




बीजेपी आईटी सेल के चीफ अमित मालवीय ने कहा कि यह चौंकाने वाला नहीं है कि राहुल गांधी पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर प्रधानमंत्री को बधाई भी नहीं दी। इसके बजाए वह बार-बार पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट गंवा दिए। जबकि इस सवाल का जवाब डीजीएमओ की ब्रीफिंग में पहले से दिया जा चुका है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## हिस्ट्रीशीटर के सीने में उतार दी तीन गोलियां

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर में निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव पैंगा में हिस्ट्रीशीटर बदमाश विक्रांत की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस वारदात को लेनदेन के विवाद में अंजाम दिया गया।

बताया गया कि आरोपी छोटे भाई निशांत ने पिस्टल से विक्रांत के सीने में गोली मारी। उधर, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जांच में पुलिस को पता चला है कि हिस्ट्रीशीटर बदमाश विक्रांत शराब पीने का आदी था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## कंपनी के गेट पर युवक की मौत, कर्मचारियों का प्रदर्शन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में अज्ञात वाहन ने एक युवक टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई। हादसे से गुस्साए कम्पनी के कर्मचारियों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर थाना जारचा पुलिस के अधिकारी पहुंचे और श्रमिकों को शांत कराया। थाना जारचा क्षेत्र के अल्ट्राटेक चौकी के पास बंसल वायर कंपनी के गेट के सामने अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## बीबीए छात्र से मारपीट से आक्रोशित त्यागी समाज के लोग धरने पर बैठे

### पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया

**गाजियाबाद ( ब्यूरो )।** एनएच-नौ पर 15 मई को बीबीए छात्र को बेरहमी से पीटने वाले पांच आरोपित पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। इनमें दो आरोपित रविवार को गिरफ्तार किए गए थे, लेकिन उनका हल्की धाराओ में चालान किया गया था। जिससे उन्हें पहले ही दिन जमानत मिल गई। इस बात से गुस्साए त्यागी समाज के लोग आज सुबह पुलिस लाइन में धरने पर बैठ गए और इंस्पेक्टर पर कार्रवाई की मांग करने लगे।



पुलिस ने देर रात पांच आरोपित दबोच लिए हैं। पुलिस का कहना है कि पहले घायल छात्र का मेडिकल नहीं मिला था, इसलिए मारपीट की हल्की धाराओं में चालान किया गया था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पार्किंग में खड़ी बस में लगी आग, ड्राईवर की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र में




स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में बीती रात सड़क किनारे खड़ी दो बसों में अज्ञात कारण से आग लग गई। इस हादसे में एक ड्राईवर की जलकर दर्दनाक मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह

## प्रबुद्ध सम्मेलन को लेकर भाजपा ने तय की कार्ययोजना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह 19 में से लेकर 31 मई



तक मनाया जाएगा। इसी कड़ी में 22 मई को सेक्टर-6 स्थित एनईए सभागार में प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

आज इसी प्रबुद्ध सम्मेलन की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान ने सेक्टर-116 स्थित पार्टी कार्यालय पर संयोजक तथा सहसंयोजकों के साथ में बैठक की। इस बैठक में प्रबुद्ध सम्मेलन को लेकर रूपरेखा तथा रणनीति तय की गई एवं आयोजन को लेकर कार्ययोजना बनाई गई।

इस अवसर पर महामंत्री उमेश त्यागी, डिंपल आनंद, उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, युद्धवीर चौहान, किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी अमित त्यागी, राजकुमार झा, पंकज झा, बबलू यादव, नीतू यादव, सुनीता शर्मा एवं गोपाल गौड़ आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एक लाख के ईनामी भुर्रे का आतंक खत्म, मुठभेड़ में ढेर

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में सोमवार की आधी रात पुलिस और



बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से एक बदमाश ढेर हो गया। उसकी पहचान सोनू उर्फ भुर्रे निवासी कादीपुर, करनैलगंज के रूप में हुई। इस पर एक लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ उमरी बेगमगंज क्षेत्र के सोनौली गांव के पास हुई। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि 24 अप्रैल को उमरी के डिक्सिर गांव में चोरी के दौरान हत्या के मामले में पुलिस को सोनू की तलाश थी। सोमवार की रात उसके सोनौली गांव के पास होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ली। पुलिस को देखकर बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा प्रेस क्लब आधा दर्जन पत्रकारों को करेगी सम्मानित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्रेस क्लब 8 जून को प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों एवं छाया पत्रकारों को सम्मानित करेगी। यह जानकारी नोएडा प्रेस क्लब के संस्थापक महासचिव निर्मेश त्यागी ने दी है।

श्री त्यागी ने बताया कि 8 जून को नोएडा प्रेस क्लब तथा अंकुर साहित्य प्रकाशन के संयुक्त तत्वधान में सेक्टर 27 स्थित क्लब 27 में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मौके पर आधा दर्जन पत्रकारों, साहित्यकारों व अन्य लोगों को सम्मानित किया जाएगा। एक लोकप्रिय राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल के संपादक, एक राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल के पत्रकार, एक राष्ट्रीय हिंदी दैनिक के समाचार संपादक तथा एक राष्ट्रीय दैनिक के ब्यूरो चीफ, एक राष्ट्रीय हिंदी दैनिक के छाया पत्रकार तथा एक वरिष्ठ पत्रकार को सम्मानित किया जाएगा।

नोएडा प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष मोहम्मद आजाद ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों कवियों तथा राजनेताओं के अलावा कई पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

कार्यक्रम के व्यवस्थापक संजय शाह नहीं बताया कि पत्रकारों के सम्मान समारोह के अलावा प्रमुख रचनाकारों की रचनाओं का लोकार्पण तथा काव्य पाठ भी किया जाएगा। बता दें कि पिछले करीब 25 वर्ष पूर्व स्थापित नोएडा प्रेस क्लब समय-समय पर ऐसे सम्मान समारोह तथा देश के प्रमुख हिंदी रचनाकारों की रचनाओं का लोकार्पण एवं काव्य गोष्ठी आयोजित करता रहता है। इसी कड़ी में 8 जून को भी एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# गर्मी व प्रदूषण से निजात दिलाएगा मिस्ट स्प्रे योजना!

## सीईओ के पायलट प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने में जुटे जीएम आरपी सिंह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भीषण गर्मी से शहर की आबोहवा को शीतल तथा प्रदूषण मुक्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने मिस्ट स्प्रे की व्यवस्था की है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉक्टर लोकेश एम के इस पायलट प्रोजेक्ट को महाप्रबंधक (जल एवं सीवर) आरपी सिंह धरातल पर उतारने की कोशिश में जुट गए हैं।

इसी पायलट प्रोजेक्ट के तहत सेक्टर 18 मेट्रो स्टेशन तथा आम रास्तों पर मिस्ट स्प्रे लगाए गए हैं। इसी तर्ज पर अन्य स्थानों पर भी यह योजना शुरू करने की तैयारी की जा रही है। मिस्ट स्प्रे से जहां हवा में नमी आएगी वहीं वायुमंडल में व्याप्त धूल के कणों को भी काफी हद तक कम करके प्रदूषण को काबू पाया जा सकेगा।

महाप्रबंधक आरपी सिंह ने बताया कि फिलहाल सेक्टर 18 में यह प्रयोग के तौर पर व्यवस्था शुरू की गई है। प्रयोग सफल होने पर शहर के अन्य स्थानों पर भी मिस्ट स्प्रे लगाए जाएंगे ताकि लोगों को गर्मी व प्रदूषण से निजात दिलाई जा सके। नोएडा के लोगों को यह मिस्ट स्प्रे की योजना काफी भा रही है।



## 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के लिए अमित त्यागी को बागपत की बागडोर !

### ओमशिव शर्मा को नोएडा व अमित त्यागी को गौतमबुद्धनगर का दायित्व

**नोएडा ( चेतना मंच )।** 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के कार्यक्रम को चलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने वरिष्ठ सदस्यों को जनपदों में प्रवासी के दायित्व सौंपे गए हैं। इसी कड़ी में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित त्यागी को बागपत जनपद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव ओम शर्मा को नोएडा महानगर तथा क्षेत्रीय मंत्री अमित त्यागी को गौतमबुद्धनगर जिले में बतौर प्रवासी का दायित्व सौंपा गया है।



पार्टी हाई कमान ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 19 जनपदों में पार्टी के नेताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी है। अमित त्यागी पिछले करीब ढाई-तीन दशक से भाजपा के कर्मठ सैनिक के रूप में विभिन्न पदों पर अपनी सीमाएं देते आ रहे हैं। उनकी इसी कर्मठता को देखते हुए भाजपा किसान मोर्चा हाईकमान ने उन्हें बागपत में बतौर प्रवासी 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' कराने का दायित्व सौंपा है।

## पाकिस्तान बेनकाब

मकसद है कि आतंकवाद पर पाकिस्तान को बिल्कुल बेनकाब किया जाए। भारत बीते 35-37 सालों से पाकपरस्त आतंकवाद से पीड़ित है। हजारों मासूमों और बेगुनाहों की हत्याएं की जा चुकी हैं। कश्मीरी पंडितों का घाटी से पलायन और विस्थापित होना आतंकवाद का सबसे अमानवीय उदाहरण है। मौजूदा परिदृश्य में भारत शेष विश्व को ब्रीफ करना चाहता है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' क्यों करना पड़ा? पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकियों और उनके महलनुमा अड्डों पर भारत को विस्फोटक प्रहार क्यों करने पड़े? आतंकियों के ठिकानों को 'मिट्टी-मलबा' कैसे किया गया? भारत सरकार की आदर्श विदेश नीति क्या है? भारत आज भी युद्ध के पक्ष में नहीं है, लेकिन आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना उसका लक्ष्य है। इन सवालों और स्पष्टीकरण के साथ भारत के 40 सांसदों के 7 प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में भेजना तय किया गया है। यह भारत की कूटनीति का एक सफल प्रयास हो सकता है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई बहुत लंबी और बहुआयामी है। आतंकवाद से अमरीका, यूरोप, अरब देश, शेष विश्व भी छिला पड़ा है, जख्मी है, डरा हुआ है। जो संसदीय मंडल भेजे जा रहे हैं, वे आतंकवाद पर राष्ट्रीय नीति और भारत की एकता, अखंडता, विविधता के प्रतीक हैं। हमारे सांसद भारत की आवाज हैं, भारत के प्रवक्ता हैं। वे वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान को नंगा करेंगे और सवाल भी करेंगे कि 'आतंकिस्तान' पाकिस्तान को बार-बार अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का 'बेल आउट कर्ज' क्यों मिलता रहा है? विश्व बैंक और एशियन विकास बैंक को भी सचेत हो जाना चाहिए। शायद अंतरराष्ट्रीय संस्थान को पाकिस्तान के यथार्थ की सम्यक जानकारी नहीं है या वैश्विक राजनीति आड़े आती है। अंततः पाकिस्तान कर्ज का पैसा आतंकियों के पुनर्वास और हथियारों पर खर्च करता रहा है। जिन आतंकियों को बिल्कुल मिट्टी में मिला दिया गया है, उनके लिए पाकिस्तान की हुकूमत ने 1 करोड़ रुपए प्रति आतंकी, उनके परिजनों को देने का ऐलान किया है। चूंकि जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद अजहर के खानदान में 14 मौतें हुई हैं, लिहाजा उसे 14 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इस पैसे का इस्तेमाल क्या होगा? बहरहाल हमारे मकसद पर भी सवालिया निशान इसलिए लगाया जा रहा है, क्योंकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल अमरीका भेजना सरकार ने तय किया है। कांग्रेस की इस पर सियासी आपत्ति है। ऐसे संसदीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजना भारत सरकार का विशेषाधिकार है। 1994 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने तब के नेता प्रतिपक्ष अटलबिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में दल संयुक्त राष्ट्र में भेजा था। 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद 2008 में ऐसा ही प्रतिनिधिमंडल भेजा गया था। वे भारत की चिंताओं और सरोकार के सवाल थे। राजनीतिक दलों की परिधियां गायब कर दी गई थीं। इस बार भी यही किया गया है। जनता दल-यू, द्रमुक, एनसीपी (पवार) और शिवसेना के सांसदों को भी दल के नेतृत्व सौंपे गए हैं। कांग्रेस के तत्कालीन विदेश राज्यमंत्री सलमान खुर्शीद को इस बार भी प्रतिनिधि बनाया गया है, हालांकि वह सांसद नहीं हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के प्रति उनकी नफरतवादी सियासत को देश जानता है। थरूर करीब तीन दशकों तक संयुक्त राष्ट्र में कार्यरत रहे हैं। वह वहां अंडर जनरल सेक्रेटरी के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में वह विदेश राज्यमंत्री भी रहे हैं। अमरीका के माहौल, भाषा और कूटनीति में वह मर्मज्ञ हैं। तो फिर कांग्रेस उन्हें प्रतिनिधिमंडल में भेजना क्यों नहीं चाहती? क्या इसलिए कि वह आलाकमान के चाटुकार सांसद नहीं हैं? क्योंकि वह प्रधानमंत्री मोदी के कई निर्णयों के प्रशंसक भी रहे हैं? प्रधानमंत्री उनसे गर्मजोशी से मिलते हैं! क्या वह कभी भी राजनीतिक पाला बदल सकते हैं? थरूर इस समय विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। किसी अन्य दल ने प्रतिनिधि के नाम पर आपत्ति नहीं की है, तो कांग्रेस दाने क्यों बिखेर रही है? फिलहाल दायित्व राष्ट्रीय है। पाकिस्तान के पक्ष में नारे लगाने की सियासत का वक्त नहीं है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे पुत्र! मन में आश्चर्य मत करो, तप से कुछ भी दुर्लभ नहीं है, तप के बल से ब्रह्मा जगत को रचते हैं। तप के ही बल से विष्णु संसार का पालन करने वाले बने हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**तपबल संभु करहिं संघारा। तप तें अगम न कछु संसारा॥**
**भयउ नृपहि सुनि अति अनुरागा। कथा पुरातन कहै सो लागा॥**
तप ही के बल से रुद्र संहार करते हैं। संसार में कोई ऐसी वस्तु नहीं जो तप से न मिल सके। यह सुनकर राजा को बड़ा अनुराग हुआ। तब वह (तपस्वी) पुरानी कथाएँ कहने लगा॥
**करम धरम इतिहास अनेका। करइ निरूपन बिरति बिबेका॥**
**उदभव पालन प्रलय कहानी। कहेसि अमित आचरज बखानी॥**
कर्म, धर्म और अनेकों प्रकार के इतिहास कहकर वह वैराग्य और ज्ञान का निरूपण करने लगा। सृष्टि की उत्पत्ति, पालन (स्थिति) और संहार (प्रलय) की अपार आश्चर्यभरी कथाएँ उसने विस्तार से कही॥
**सुनि महीप तापस बस भयऊ। आपन नाम कहन तब लयउ॥**
**कह तापस नृप जानउँ तोही। कीन्हेहु कपट लाग भल मोही॥**
राजा सुनकर उस तपस्वी के वश में हो गया और तब वह उसे अपना नाम बताने लगा। तपस्वी ने कहा- राजन ! मैं तुमको जानता हूँ। तुमने कपट किया, वह मुझे अच्छा लगा॥ (क्रमशः...)

# अनिवार्य है, कृतघ्न तुर्किए को कठोर संदेश देना

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की नृशंस हत्या के उत्तर में शुरू ऑपरेशन सिंदूर पाक समर्थित आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार बन गया। चार दिल चले ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान की सारी हेकड़ी निकल गई, और वो सीजफायर की भिक्षा मांगने लगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर अवश्य हो गया है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के बीच तुर्की खासा सुर्खियों में रहा और उसका पाकिस्तान प्रेम खुलकर सामने आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन, तुर्किए और अजरबैजान का वास्तविक चेहरा अखिल विश्व के समक्ष अनावृत हो गया। पाकिस्तान ने इस दौरान भारत पर जो ड्रोन और मिसाइल दागे वो 'मेड इन' चाइना और तुर्किए में बने थे। पाकिस्तान ने जो चीन की निकृष्ट मिसाइल और तुर्किए के ड्रोन भारत पर हमले में प्रयोग किये, उनके अवशेष सैन्य बलों के पास हैं। चीन और तुर्किए अब इन प्रमाणों को नकार नहीं सकता है।

सीजफायर के बाद पाकिस्तान के मित्र तुर्किए के विरुद्ध भारत में विरोध शुरू हो गया है और सोशल प्लेटफार्म पर बॉयकाट तुर्की मुहिम जोर पकड़ने लगी है। भारतीय टूरिस्ट तुर्किये और अजरबैजान का बॉयकॉट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वतः तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है। भारतीय नागरिकों के इस भाव का प्रभाव तुर्किए के अरबों डॉलर के व्यापार पर पड़ने वाला है।

तुर्किये 'एहसान फरामोशी' का सबसे कलंकित उदाहरण हो सकता है। जब फरवरी, 2023 में तुर्किए में 7.8 तीव्रता का भूकंप आया था, लगभग चालीस हजार लोग मारे गए थे, इमारतें 'मिट्टी-मलबा' हो गई थीं, तब भारत ने मदद का पहला हाथ बढ़ाया था। भारत ने भूकंप के अलावा भी तुर्किये की कई बार सहायता की है, लेकिन जब मौका आया तो उसने कृतघ्नता ही दिखाई और भारत के शत्रु के पक्ष में खड़ा हो गया। 2009 में तुर्किये ने पहली नैनो सैटेलाइट आईटीयूपीसेट-1 बनाई, जिसे स्पेस में नई टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करना, पृथ्वी की तस्वीरें लेना और आंकड़ा एकत्र करने के लिए भेजा जाना था। इस लॉन्च में भारत ने तुर्किये की मदद की थी। इस सबके उपरांत तुर्किये सदैव पाकिस्तान का समर्थन करता रहा है।

तुर्किये ने 2019 में भारत के धारा 370 हटाने का भी विरोध किया था। इसके बाद से लगातार तुर्किये यूनाइटेड नेशन जनरल असेंबली यानी यूएनजीए में कश्मीर का मुद्दा उठाता आया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की




**मोदी सरकार ने भी तुर्की को सबक सिखाने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। लेकिन जिस तरह देशवासियों ने स्वतः तुर्की और अजरबैजान का बॉयकॉट करने की मुहिम छेड़ी है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए, वो कम है।**

रात भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया, तो तुर्किये खुलकर पाकिस्तान के साथ दिखा। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को करीब 350 ड्रोन और उन्हें चलाने के लिए ऑपरेटर भेजे। 4 मई को तुर्किये ने नौसेना का युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा (एफ-512) पूरे बेड़े के साथ पाकिस्तान के कराची पोर्ट पर भेज दिया। तुर्किए ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले की अंतरराष्ट्रीय जांच की अनुशंसा का भी समर्थन किया। 10 मई को सीजफायर के बाद शहबाज शरीफ ने एर्दोगन को मदद करने के लिए शुक्रिया अदा किया।

तुर्किए के पाकिस्तान का साथ देने के बाद भारतीय पर्यटकों ने धड़ाधड़ तुर्की की यात्राएं कैंसिल करवानी शुरू कर दी है। भारतीय पर्यटकों को आज की तारीख में सिर्फ एक आम ट्रैवलर मानना बहुत बड़ी गलती है। क्योंकि ग्लोबल टूरिज्म इंडस्ट्री के लिए भारतीय पर्यटक एक आर्थिक स्तंभ बन चुके हैं। साल 2023 में भारतीय पर्यटकों ने दुनिया के अलग अलग हिस्सों में घूमने में 18 अरब डॉलर से ज्यादा खर्च किए। ऐसे में अगर भारतीय पर्यटक किसी देश का बहिष्कार करते हैं तो वो सिर्फ एक सोशल मीडिया पर चलाया गया ट्रेंड नहीं होता है, बल्कि एक भूकंप होता है।

पिछले साल जनवरी में मालदीव के कुछ मंत्रियों ने प्रधानमंत्री मोदी के लक्षद्वीप दौरे के दौरान अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिसके बाद भारत और मालदीव के बीच विवाद काफी बढ़ गया। भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार शुरू कर दिया, जिसने कुछ ही समय में मालदीव के नेताओं को घुटने टेकने के लिए विवश कर दिया। मालदीव की अर्थव्यवस्था, जिसमें टूरिज्म सेक्टर का 28 प्रतिशत योगदान है, उसे गहरा धक्का लगा था, लिहाजा अब बारी तुर्की की है।

पिछले कुछ सालों में भारी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने घुमने के लिए तुर्की को चुना है। साल 2023 में करीब 2.74 लाख भारतीय नागरिक घूमने के लिए तुर्की गये थे। जबकि 2024 में तुर्की जाने वाले भारतीय पर्यटकों का ये आंकड़ा बढ़कर करीब 3.5 लाख पहुंच गया। भारतीय लोगों के बीच शादी करने, हनीमून मनाने और फैमिली ट्रिप्स के लिए तुर्की तेजी से लोकप्रिय हो रहा था। लेकिन 2025 में तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन करके भारतीयों को अपने विरूद्ध कर लिया है। इसके अलावा भारत जैसे देशों के पर्यटकों का बहिष्कार सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक संदेश भी होता है।

पर्यटन के अलावा भारतीय बाजारों में तुर्की से आयातित सेब की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ा है। भारतीय कारोबारियों ने अब ईरान, अमेरिका और न्यूजीलैंड से सेब खरीदना शुरू कर दिया है। सेब उत्पादन करने वाला संघ, जो पहले से ही विदेशों से मंगाए जाने वाले सेब की वजह से नाराज रहता था और तुर्की के सेब पर प्रतिबंध लगाने की मांग करता रहता था, वो अब प्रसन्न है। इस वित्त वर्ष में तुर्की से 1 लाख 60 हजार टन सेब खरीदे गये थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत तुर्की के साथ व्यापारिक संबंध समाप्त करने की तैयारी मे। भारत तुर्की से दाल, तिलहन और स्टील जैसी चीजें खरीदता है। दोनों देशों के बीच व्यापार को 20 अरब डॉलर तक ले जाने की योजना थी। लेकिन अब बदले वातावरण में यह संबंध पूर्णत समाप्त हो सकते हैं। 15 मई केंद्र सरकार ने तुर्किये की कंपनी सेलेबी एविएशन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी। यह दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु सहित प्रमुख भारतीय हवाई अड्डों पर हाई सिक्योरिटी ऑपरेशन संभालती है। भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थानों ने भी तुर्की से एकेडमिक समझौते रद्द कर दिये हैं। इनमें जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी यानी जेएनयू, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, आईआईटी रुड़की, शारदा विश्वविद्यालय और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

भारत सरकार ने व्यापार के अलावा कूटनीति के मोर्चे पर भी तुर्किये को बड़ा सबक सिखाने का मन बना लिया है। तुर्किये को सबक सिखाने के लिए भारत उसके अंदर के मुद्दों को बाहर लाएगा। तुर्किये में लगातार बढ़ रही मानवाधिकार हनन की घटनाओं को भारत यूनाइटेड नेशन्स के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा 'साइप्रस का मुद्दा% तुर्किये की सबसे बड़ी कमजोरी बन चुका है। तुर्किए और साइप्रस के बीच की जंग दशकों पुरानी है, इसके बावजूद तुर्किये इसे समाप्त नहीं कर पा रहा। भारत इस मुद्दे के सहारे तुर्किये को सबक सिखा सकता है। येन-केन-प्रकारेण, तुर्किये ने इस्लामी देशों का 'खलीफा' बनने की भ्रांति पाल रखी है, इसलिए उसकी हेकड़ी तोड़ना अत्यावश्यक है।

तुर्किए को सबक सिखाना इसलिए भी अहम है क्योंकि अखिल विश्व को यह संदेश देना चाहिए कि भारत के शत्रु का जो भी साथ देगा, उसे भारत शत्रु की श्रेणी में ही रखेगा। व्यापार, हानि—लाभ और कूटनीति अपने स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में कहा जाए तो हमारे दिल में 'नेशन फर्स्ट' का भाव सर्वोच्च होना चाहिए। केवल तुर्किए ही नहीं, हमें हर उस देश और व्यक्ति का बॉयकॉट करना चाहिए या हमारे भीतर शत्रु बोध होना चाहिए, जो हमारे देश के प्रति शत्रुता रखता हो, शत्रुता का भाव और विचार रखता हो और जो हमारे शत्रु से मित्रता निभाता हो।

**- डॉ. आशीष वशिष्ठ**
(राजनीतिक विश्लेषक और स्तंभकार)

# नेताओं के बिगड़े बोल से आहत होती राष्ट्रीयता

सेना के शौर्य पर सम्मान की बजाय अपमान के बिगड़े बोल को लेकर राजनीतिक घमासान छिड़ जाना स्वाभाविक है। कर्नल सोफिया और विंग कमांडर ब्योमिका सिंह के संबंध में क्रमशः मंत्री विजय शाह और सपा महासचिव राम गोपाल यादव द्वारा की गई टिप्पणियों पर राजनीतिक विवाद और कानूनी कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। बड़ा प्रश्न है कि क्या धर्म और जाति के नाम पर वोट के लिए सेना और सेना से जुड़ी बेटियों के सम्मान को चोट पहुंचाई जाना उचित है? चाहे सत्ता पक्ष हो या विपक्ष वाणी का संयम अपेक्षित है। भारतीय राजनीति में बिगड़े बोल, असंयमित भाषा एवं कड़ावपन की मानसिकता चिन्ताजनक है। ऐसा लगता है ऊपर से नीचे तक सड़कछाप भाषा ने अपनी बड़ी जगह बना ली है। यह ऐसा समय है जब शब्द सहमे हुए हैं, क्योंकि उनके दुरूपयोग की घटनाएं लगातार जारी हैं।




जब देश पहलगाम की त्रासद घटना एवं उसके बाद पाकिस्तान से बदला लेने की शौर्य की महत्वपूर्ण घटना के मोड़ पर खड़ा है, तब कुछ नेताओं के बिगड़े बोल बहुत दुखद और निंदनीय हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के एक मंत्री विजय शाह एवं समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव के खिलाफ गुस्सा बढ़ता जा रहा है। विजय शाह को राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की मांग तेज हो गई है। कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ विजय शाह की विवादास्पद टिप्पणी एक ऐसा दाग है, जिसे आसानी से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचा और मामला भी दर्ज हो गया, तो आश्चर्य नहीं। देश के नेताओं व मंत्रियों को ऐसी हल्की और स्तरहीन बातों से परहेज करना चाहिए।

नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, अनुशासन एवं संयम हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। युद्ध जैसे माहौल में सेना एवं उसके नायकों का मनोबल बढ़ाने की बजाय उनके साहस एवं पराक्रम पर छींटाकशी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। यह सही है कि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं।

यह चिंताजनक है कि इधर के वर्षों में कुछ भी बयान दे देने की बुरी आदत बढ़ रही है। बिगड़े बोल वाले नेता बेलगाम हो रहे हैं। कोई दो राय नहीं कि पहले राजनीतिक दलों और उसके बाद सरकारों को इस मोर्चे पर अनुशासन एवं वाणी संयम का बांध बांधना चाहिए। विजय शाह करीब आठ बार चुनाव जीत चुके हैं, मतलब, अनुभवी नेता हैं, तो क्या वह चर्चा में रहने के लिए बिगड़े बोल का सहारा लेते हैं? सर्वोच्च न्यायालय में खिंचाई के बाद अब वह सफाई देने में लगे हैं। उन्होंने स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि उनकी टिप्पणियों को संदर्भ से बाहर ले जाया गया और उनका मकसद कर्नल कुरैशी की बहादुरी की प्रशंसा करना था। उन्होंने यह भी कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी मेरी सगी बहन से भी बढ़कर हैं। वह माफी भी मांग रहे हैं, तो साफ है कि उनका पद खतरे में है। अगर वह पहले ही सावधानी बरतते या गलती होते ही माफी मांग लेते, तो मामला इतना नहीं बढ़ता। विजय शाह का मामला थमा भी नहीं है कि मध्य प्रदेश के ही उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी बिगड़े बोल को अंजाम दे दिया है। उनका मानना है कि देश की सेना प्रधानमंत्री के सामने नतमस्तक है। वास्तव में, ऐसी गलतबयानी से किसी के भी सम्मान में वृद्धि नहीं होती है। देश अभी-अभी एक संघर्ष से निकला है। यह एकजुटता और परस्पर समन्वय बढ़ाने के लिए संभलकर बोलने का समय है। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले बोल की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर वाणी असंयम एवं बिगड़े बोल में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निर्देशों की भी इन्हें परवाह नहीं है। पूरे विश्व में आज जब हिंदुस्तान का डंका बज रहा है, तो देश के भीतर और देश के बाहर बैठी 'भारत विरोधी शक्तियां' एकजुट होकर राष्ट्रीय एकता एवं लोकतांत्रित मूल्यों के ताने-बाने को क्षत-विक्षित करना चाहती है। ऐसी शक्तियां किसी भी तरह भारत से विकास का एक कालखंड छीन लेना चाहती हैं। उन्हें नेताओं के बिगड़े बोलों से ऊर्जा मिलती है। सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले नेताओं का भविष्य भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर देश एवं दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है। जरूरत है कि हमारे राजनीति दल अपनी सोच को परिपक्व बनाये, मतभेदों को स्वीकारते हुए मनभेद को न पनपने दे।

**- ललित गर्ग**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**

## राशिफल

**ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
रोजाना मेडिटेशन करना आपके लिए अच्छा रहेगा। कुछ लोगों के वेतन या पॉकेट मनी में बढ़ोतरी मिलने के संकेत हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आज आपको पढ़ाई या जरूरी प्रोजेक्ट को प्राथमिकता देने की सलह दी जाती है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आज निवेश का कोई लाभदायक अवसर आपके सामने आ सकता है। सोच समझकर और सलह के साथ ही आगे बढ़ें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
आज आपका साथी कोई पुराना मुद्दा उठा सकता है, जिससे जीवन में परेशानी बढ़ सकती है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आज किसी शुभ समाचार से परिवार में खुशियां आएंगी। कुछ लोगों के लिए ट्रिप पर जाने के योग हैं।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज कुछ लोगों को अपनी मेहनत के लिए तारीफ मिल सकती है। अपने रिश्ते को मजबूत करने के लिए आज ही कदम उठाएं।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
आज पुराने निवेश से लाभ मिल सकता है। ऑफिस के दौरान सभी जरूरी रूल्स का पालन करें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
किसी शादी या महत्वपूर्ण इवेंट में शामिल होने के लिए विदेश यात्रा का योग बन रहा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
पैसों की प्रॉब्लम होने पर कोई दोस्त आपकी आर्थिक सहायता कर सकता है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आज जिसे आप पसंद करते हैं, उससे बात करने की आपकी कोशिश पूरी हो सकती है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। डॉक्टर, वकील व बिजनेस करने वालों आज अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

# शहदरा गांव में काजल भाटी का भव्य स्वागत



**नोएडा ( चेतना मंच )।** काजल भाटी को कमर्शियल पायलट बनने पर शहदरा गांव में भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर गांव के पूर्व प्रधान बीरसिंह भाटी ने कहा कि हमारी इस बेटी ने हमारे गांव व क्षेत्रवासियों का नाम रोशन किया है।

किसान नेता सुभाष भाटी शहदरा ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि संजय भाटी किसान है और किसान परिवार से जब कोई हमारी बहन बेटी भाई मुकाम हासिल करते है तो बहुत खुशी होती है।

वीरेंद्र मुखिया ने कहा कि मेरी बहन ने हमारे गांव का नाम रोशन किया। इससे आने वाली पीढ़ियां कुछ सीखेगी ओर नाम रोशन करेंगे किसान नेता राजवीर मुखिया ने गांव में पहुंचकर कमर्शियल पायलट बनने पर काजल भाटी को बधाई दी क्योंकि काजल भाटी अभी फिलहाल भोंडसी गुड़गांव मारुति कुंज मे रहती है। इसलिए अपने पेतृत्व गांव शहदरा आने पर ढोल नगाड़े डीजे से भव्य स्वागत हुआ ओर क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाया।

इस मौके डॉ महेंद्र नागर वीरसिंह यादव जोगेंद्र अवाना पूर्व विधायक किशन प्रधान बीरसिंह प्रधान अजब भाटी प्रेमसिंह भाटी राजबीर मुखिया सुभाष भाटी ललित भाटी हरवीर नागर रमेश कसाना गौतम अवाना ललित अवाना हरीश लोहिया रवि लोहिया विनोद प्रधान नरेंद्र भाटी महिपाल भाटी मटरू नागर संजय भाटी हातम भाटी अजय खारी प्रकाश पंडित नवीन खारी सिंहराज एडवोकेट कपिल भाटी राजेंद्र भाटी टीकम मुखिया पवन बसोया आदि शामिल थे।

# शिक्षा और समानता पर आधारित फिल्म 'फुले' का पड रहा है सार्थक प्रभाव : डॉ. विकास प्रधान

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी ज़ेवर विधानसभा के नेता डॉ. विकास प्रधान के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ग्रेटर नोएडा के ओमैक्स मॉल में फुले फिल्म देखी।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि शिक्षा और समानता सभी का अधिकार है इस फिल्म को सभी को देखना चाहिए। यह समानता का अधिकार और देश में फैली कुरीतियों जाति धर्म मज़हब और सभी से ऊपर उठकर लोगों को संघर्ष सिखाती है किसी भी समाज को समृद्ध बनाने के लिए शिक्षित होना बहुत ज़रूरी है। इस फ़िल्म से लोगों के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले और सराहनीय है ज्योतिबा फूले और सावित्रीबाई फुले को सभी को पडना चाहिए एवं इस फिल्म के ज़रिए सार्थक एकजुटता का संदेश दलित पिछड़े आदिवासी समाजों को दिया है।

डा. विकास प्रधान ने कहा कि हमें समाज में मिलकर गैरबराबरी एवं ऊँच नीच को ख़त्म करना होगा तभी जाकर किसी भी समाज का भला होगा। शिक्षा सभी का अधिकार है शिक्षित समाज ही अच्छे समाज और देश की नीम मज़बूत करता है।

इस मौक़े पर फ़क़ीर चन्द नागर सुधीर भाटी लौकेश भाटी बालकिशन प्रधान विनय तालान पवन खटाना ब्रजेश भाटी रमेश कसाना रवींद्र प्रधान आलोक नागर कृष्ण नागर दीपक नागर नरेंद्र भाटी प्रदीप भाटी विनोद मलिक नासिर प्रधान संदीप चदीला मनीष नागर शुभम चेची गोलू तवर मनीष खारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भारतीय सेना ने बढ़ाया देश का मान : प्रणीत भाटी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** हमारे देश की आन बान एवं शान है भारतीय सेना। यह बात भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी ने एक बातचीत के दौरान कही है।



उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को सफल बनाया है उससे हमारे देश का मान सम्मान पूरे विश्व में बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सेना के जवान देश की सुरक्षा में सदैव तत्पर रहते हैं इसलिए इनका मनोबल हमेशा बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश हमारे जवानों को ऊपर गर्व कर रहा है।

# नौकरी से निकाले जाने के खिलाफ श्रमिकों का धरना जारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** श्रम कानूनों के तहत मिलने वाली विधिक सुविधाओं की मांग करने पर गैर कानूनी तरीके से नौकरी से निकाले जाने के खिलाफ मैसर्स- भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड प्लॉट नंबर- 25, सेक्टर 16 ए फिल्म सिटी नोएडा के मुख्य गेट के समक्ष सीटू के बैनर तले श्रमिकों का धरना जारी रहा।




धरना प्रदर्शन को सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर ने संबोधित किया और कहा की समस्याओं के समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ उन्होंने सीटू की ओर से आज 20 मई 2025 को ट्रेड यूनियनों के संयुक्त आह्वान पर जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर होने वाले प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील जनपद के मजदूरों से की है।

# सदस्यता अभियान में जुटी रालोद की प्रदेश प्रवक्ता




**नोएडा ( चेतना मंच )।** जयंत चौधरी के निर्देश अनुसार रालोद प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका चौधरी गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चला रही हैं। प्रियंका चौधरी ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि मैं ज्यादा से ज्यादा संख्या में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता दिलाने का जो संकल्प लिया है उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाएंगे और लोगों को राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता दिलाएंगे।

14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि से जयंत चौधरी द्वारा पार्टी के कार्यकर्ता गणों तथा पदाधिकरण गणों को पार्टी को आगे बढ़ाने की भावना से सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई थी।

## पृष्ठ एक के शेष....

**राहुल गांधी की तुलना ...**

मालवीय ने कहा कि राहुल ने हालांकि एक बार भी ये जानने की कोशिश नहीं की कि इस संघर्ष के दौरान पाकिस्तान के कितने जेट मार गिराए गए या फिर कितनों को नष्ट किया गया। राहुल गांधी को आगे क्या मिलेगा? निशान-ए-पाकिस्तान?

बता दें कि इस पोस्ट के साथ अमित मालवीय ने एक तस्वीर भी पोस्ट की है, जिसमें आधा चेहरा पाकिस्तानी सेना के चीफ आसिम मुनीर का और आधा चेहरा राहुल गांधी का नजर आ रहा है. वह एक और पोस्ट कर कहते हैं कि राहुल गांधी नए युग के मीर जाफर हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री जयशंकर से सवाल करते हुए कहा था कि विदेश मंत्री जयशंकर चुप है। उनकी यह चुप्पी बहुत कुछ कह रही है। ये निंदनीय है। इसलिए मैं दोबारा पूछूंगा कि पाकिस्तान को हमले का पता होने की वजह से हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए? यह सिर्फ चूक नहीं थी। यह अपराध था और देश को सच्चाई जानने का हक है।

**प्रबुद्ध सम्मेलन को....**

बता दें कि अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आज होशियारपुर तथा सेक्टर-12 स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में महिला सशक्तिकरण दौड़ का आयोजन किया जाएगा। 23 से 24 मई को विभिन्न घाटों तथा मंदिरों की सफाई एवं सजावट की जाएगी। 25 मई को रानी अहिल्याबाई होल्कर से जुड़ी प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा तथा 31 मई को श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जाएगा।

**हिस्ट्रीशीटर के सीने में ...**

कल रात वह घर आया और माँ से शराब के पैसे मांगने लगा। नशे में ही लेन-देन को लेकर विवाद भी हो गया जिसके बाद छोटे भाई निशांत ने विक्रांत के सीने में तीन गोलियां उतार दीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विक्रांत को अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**कंपनी के गेट पर....**

इससे गुस्साए बंसल वायर कंपनी गेट के सामने कंपनी के कर्मचारी प्रदर्शन करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारियों को समझाया और जाम खुलवाया। मृतक युवक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

**बीबीए छात्र से मारपीट....**

आइएमएस डासना के बीबीए अंतिम वर्ष के छात्र हापुड़ निवासी ध्रुव त्यागी 15 मई को हाईटेक कॉलेज में परीक्षा देकर बाहर निकले थे। बाहर निकलते ही छात्र से कुछ युवकों ने मारपीट कर दी। छात्र ने कॉलेज के अंदर भागने का प्रयास किया तो उसे नीचे गिराकर मारपीट की गई।

ध्रुव के भाई उदय त्यागी का कहना है कि एक वर्ष पूर्व उनके भाई का खेलने को लेकर झगड़ा हुआ था। उसी के चलते रंजिशन उनके भाई पर हमला किया गया है। रविवार को पुलिस ने हमला करने के आरोपित मोदीनगर के खंजरपुर निवासी मौसेरे भाई बीबीए द्वितीय वर्ष के छात्र सुमित सांगवान और नकुल सांगवान को गिरफ्तार किया, लेकिन मारपीट की हल्की धाराओं में चालान करने की वजह से आरोपितों को जमानत मिल गई।

इसकी जानकारी सोमवार को जब स्वजन को हुई तब उन्होंने विरोध जताया। इसके बाद हरकत में आई वेव सिटी थाना पुलिस ने सोमवार देर रात दोनों भाइयों को फिर से गिरफ्तार कर लिया।

तीन अन्य हमलावर भी पकड़े गए हैं। इनमें स्वजल गौतम, अंश यादव और श्याम धामा शामिल हैं। घायल छात्र के भाई ने चार लोगों पर नामजद केस दर्ज कराया था। सुमित और नकुल सांगवान को छोड़ दोनों नामजद आरोपितों की भूमिका जांच में सामने नहीं आई है। पकड़े गए तीनों अन्य आरोपित बाहरी युवक हैं।

**एक लाख के ईनामी....**

इस दौरान एक गोली एसओ की बुलेट-प्रूफ जैकेट में लगी। इससे वह बाल-बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में सोनू को गोली लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोनू के खिलाफ 48 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह एक लाख का इनामी था।

थाना उमरीबेगमगंज, थाना खोड़ारे पुलिस व SOG की संयुक्त टीम द्वारा सलोनी मोहम्मदपुर बंधा के पास 1 लाख का इनामिया शातिर बदमाश- सोनू पासी उर्फ भूरे पुत्र निर्मोही निवासी कादीपुर थाना कर्नलगंज, जनपद गोण्डा को पुलिस मुठभेड़ में ढेर किया गया है। उसके कब्जे से 1 मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स (बिना नम्बर प्लेट), 1 पिस्टल 32 बोर खोखा कारतूस व 1 तमंचा 315 बोर खोखा कारतूस बरामद किया गया।

**पार्किंग में खड़ी ....**

थाना फेस-3 पुलिस ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में बीती रात को कुछ बसें खड़ी थी। एक बस के चालक और परिचालक ने बस के अंदर खाना बनाया और खाना खाने के बाद वे बस की बैटरी से पंखा चलाकर सो गए।

पुलिस ने बताया कि देर रात बस में आग लग गई जिसने पास खड़ी एक अन्य बस को भी चपेट में ले लिया। आग लगने पर बस का परिचालक कूदकर भाग गया, लेकिन चालक नहीं निकल सका और उसकी मौत हो गई।

मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया लेकिन दोनों बसें पूरी तरह से जल गईं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com


# दुर्घटना में वृद्ध की मौत, कल पत्नी ने तोड़ा था दम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-142 थाना क्षेत्र के तहत सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन के पास नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर फुटपाथ के किनारे चल रहे एक दंपति को वेगनआर कार ने कुचल दिया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा देर रात पति ने भी दम तोड़ दिया। दोनों का आज पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक शाहदरा गांव निवासी ओमप्रकाश उर्फ ओमी सोमवार को पत्नी निर्मला देवी के साथ दवाई लेने के लिए ग्रेटर नोएडा गए थे। शाम को जब वे लौट रहे थे तो सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन के पास उतारकर हुए गांव की ओर पैदल जा रहे थे इसी बीच पीछे से आ रही वेगनआर कार ने दंपति को कुचल दिया। घायल अवस्था में दोनों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया जहां निर्मला देवी की मौत हो गई देर रात पति ओमप्रकाश ने भी दम तोड़ दिया।

थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया की लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है तथा फरार वैगनआर कार चालक की तलाश की जा रही है।




## खास खबर

### राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी को याद किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन ने एक बयान में यह जानकारी दी। नीलम संजीव रेड्डी भारत के छठे राष्ट्रपति थे। उन्होंने 25 जुलाई 1977 से 25 जुलाई 1982 तक इस पद पर कार्य किया। उनका जन्म 19 मई 1913 को आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले में हुआ था। उनका निधन 01 जून 1996 को हुआ था। रेड्डी ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत महात्मा गांधी के आह्वान पर स्वाधीनता संग्राम में शामिल होकर की थी। वह एक कुशल प्रशासक और अनुभवी राजनेता थे। वह आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्र सरकार में मंत्री और लोकसभा अध्यक्ष भी रहे। वह राष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए थे।

### प्रधानमंत्री ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। 82 वर्षीय बाइडेन प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं, जो उनकी हड्डियों तक फैल चुका है। प्रधानमंत्री ने सोमवार को एक्स पोस्ट में जो बाइडेन और उनके परिवार के प्रति सहानुभूति जताई है। उन्होंने बाइडेन के जल्द ठीक होने की कामना की और उनके परिवार, विशेष रूप से डॉ. जिल बाइडेन के साथ अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री ने लिखा, ह्लजो बाइडेन के स्वास्थ्य के बारे में सुनकर बहुत चिंतित हूं। हम उन्हें शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की शुभकामनाएं देते हैं। हमारी संवेदनाएं डॉ. जिल बाइडेन और उनके परिवार के साथ हैं। बाइडेन के कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि वह प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित हैं। हालांकि डॉक्टरों का मानना है कि यह कैंसर हार्मोन-संवेदनशील है और इसे नियंत्रित किया जा सकता है।

### मुंबई में पुलिस ने किया 13 करोड़ रुपये की ड्रग्स तस्करी का पर्दाफाश

**मुंबई।** मुंबई की आरसीएफ पुलिस थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ तस्करी का मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने 13 करोड़ 37 लाख 60 हजार रुपए कीमत की करीब 6 किलो 688 ग्राम मेफेड्रोन एमडी ड्रग्स जब्त कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान रेहान शेख नामक युवक को एमडी ड्रग्स बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। उसके पास से करीब साढ़े चार लाख रुपए मूल्य की एमडी जब्त की गई। आगे की पूछताछ के दौरान उससे प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस ने चार और ड्रग तस्करों का पता लगाया और उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। सभी पांचों आरोपियों से कुल 13 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की एमडी ड्रग्स जब्त की गई है। प्रारंभिक पुलिस जांच के अनुसार, यह एक बड़ा ड्रग गिरोह होने का संदेह है, तथा अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस बीच, करोड़ों रुपये की ये ड्रग्स आखिर आईं कहां से यह सवाल उठ रहा है।

### रक्सौल में अवैध तरीके से रह रहे दक्षिण कोरियाई नागरिक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के भारत-नेपाल सीमा की रक्सौल पुलिस और इमिग्रेशन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर संयुक्त कार्रवाई करते हुए रविवार की देर रात एक दक्षिण कोरियाई नागरिक को रक्सौल के माई स्थान मौजे स्थित होटल धर्ममुक्ति से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कोरियाई नागरिक की पहचान किम यंग डे के रूप में हुई है। इसकी जानकारी देते रक्सौल एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि होटल धर्ममुक्ति में एक विदेशी नागरिक ठहरा है, जो अवैध रूप से भारत से नेपाल जाने की कोशिश कर रहा है।

# कोविड-19 का खतरा फिर बढ़ा: नया वेरिएंट दुनिया भर में फैलने लगा, भारत में भी मामले बढ़े

एजेंसी


**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस एक बार फिर दुनिया को अपनी गिरफ्त में लेने की कोशिश कर रहा है। जैसे-जैसे लोग महामारी को पीछे छोड़ सामान्य जीवन की ओर लौट रहे थे, वैसे ही कोविड-19 के नए वेरिएंट ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। सिंगापुर और हांगकांग में तेजी से फैल रहे नए वेरिएंट अब भारत में भी दस्तक दे चुके हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। मुंबई में पिछले तीन महीनों से लगातार कोविड के मामले सामने आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हर महीने औसतन 7 से 10 केस दर्ज हो रहे हैं। डएट अस्पताल में हाल ही में दो मरीजों के कोविड पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। हालांकि, अस्पताल का कहना है कि दोनों की मौत कोरोना के कारण नहीं, बल्कि अन्य गंभीर बीमारियों की वजह से हुई है। फिर भी, दोनों संक्रमित थे - जो यह दिखाता है कि वायरस अभी भी एक्टिव है। सिंगापुर और हांगकांग में तेजी से फैल रहा है नया वेरिएंट, सिंगापुर में कोरोना के F.7 और NB.1 वेरिएंट का प्रसार हो रहा है, जो JN.1 स्ट्रेन से संबंधित हैं। इन वेरिएंट्स के लक्षणों में नाक बहना, बुखार, गले में खराश, खांसी और सिरदर्द शामिल हैं। वहीं, हांगकांग में भी कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं और वहां पॉजिटिविटी रेट पिछले साल से ज्यादा है। 3 मई तक हांगकांग में कोरोना के 31 एक्टिव मामले सामने आए थे, जो चिंता का विषय बने हुए हैं। यहां तक कि मशहूर पॉप स्टार ईसान चान भी कोरोना से संक्रमित हो गए थे। मुंबई के डएट अस्पताल में दो मरीजों के कोरोना पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है।



## बलूचिस्तान हुआ आजाद तो भारतीय हिंदू कर सकेंगे हिंगलाज माता के दर्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर और पीएम शाहबाज शरीफ की गलत नीतियों का खामियाजा आज पूरा पाकिस्तान भुगत रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर ऐसा जख्म दिया है, जिसे वह दशकों तक नहीं भूला पाएगा। वहीं, बलूचिस्तान प्रांत के लोग भी अब अत?याचार के खिलाफ खड़े हो गए हैं। बलूच विद्रोहियों ने हाल ही में ऐसी घटनाओं और अटैक को अंजाम दिया है, जिससे पूरा पाकिस्तान थर्रा गया है। बचूल लोगों ने बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताते हुए खुद को अलग देश घोषित कर दिया है। वहां के नेताओं का कहना है कि वे अब पाकिस्तान के साथ नहीं रह सकते हैं और बलूचिस्तान अब स्वतंत्र राष्ट्र है। इसके साथ ही बलूचों ने भारत और संयुक्त राष्ट्र से कहा कि बलूचिस्तान को एक अलग देश का दर्जा दिया जाए। यदि ऐसा होता है तो भारत लाखों करोड़ों हिन्दुओं का सपना साकार हो जाएगा। बलूचों द्वारा आए दिन पाक सरकार को चेतावनी दी जा रही है, उससे साफ है कि अलग राष्ट्र की मांग ने जोर पकड़ लिया और वह इसे लेकर ही रहेंगे। अगर बलूचिस्तान एक स्वतंत्र देश बन जाता है, तो देश के हिंदुओं के लिए दो बड़े और ऐतिहासिक मंदिरों के द्वार खुल जाएंगे।



## आतंकी समर्थक तुर्की को अमेरिका बेचने जा रहा आधुनिक मिसाइल

- 2019 के सैन्य टकराव में पाकिस्तान ने इसी मिसाइल का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया था।



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अमेरिका आतंकवाद को खत्म करने का राग अलापता है। और खुद ही इनके समर्थकों को आधुनिक हथियार बेचकर उन्हे मजबूत बनाता है। अब डोनाल्ड ट्रंप की सरकार आतंकवादियों के समर्थक उसी तुर्की को आधुनिक मिसाइल की खेप बेचने जा रहा है। खतरनाक बात यह है कि साल 2019 के सैन्य टकराव में पाकिस्तान ने इसी मिसाइल का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया था। ट्रंप सरकार के इस कदम से नई दिल्ली की चिंताएं बढ़ गई हैं। जानकारी के अनुसार, अमेरिका की ट्रंप सरकार ने तुर्की के साथ अमराम मिसाइल बेचने की डील की है। यह डिफेंस डील 225 मिलियन डॉलर (19,26, 01,46,250 रुपये) की है, जिसके तहत वॉशिंगटन की ओर से तुर्की को एडवांस्ड मीडियम रेंज एयर टू एयर मिसाइल मुहैया कराई जाएगी। इसके साथ ही डील मे सपोर्टिंग इक्विपमेंट एक्सपोर्ट करने का भी उल्लेख है। यह मिसाइल तुर्की के जरिये पाकिस्तान भी हासिल कर रहा है। भारत के खिलाफ इस मिसाइल का इस्तेमाल भी किया जा चुका है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार ने साल 2019 में पाकिस्तान द्वारा एफ-16 फाइटर जेट और मिसाइल का यूज करने के सबूत अमेरिका को दिए थे। पाकिस्तानी एयरफोर्स ने इसके जरिये इंडियन मिलिट्री बेस को टारगेट करने का विफल प्रयास किया था। इसके बावजूद ट्रंप सरकार ने तुर्की को यह मिसाइल बेचने की डील की है।ट्रंप सरकार ने तुर्की के राष्ट्रपति रिसप तैय्यप एर्दोगन की मांग को मानते हुए मिसाइल डील की है। अब यहां चौंकाने वाली बात यह है कि पाकिस्तान के पास एफ-16 फाइटर जेट छोड़ कर कोई ऐसा लड़ाकू विमान नहीं है, जिसके जरिये अमराम मिसाइल को दागा जा सके। यह एयर टू एयर मिसाइल है, जो विजुअल रेंज से बाहर होता है, ऐसे में इस पकड़ पाना काफी मुश्किल होता है। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान और वहां मौजूद आतंकी संगठनों को ऐसा जख्म दिया है, जिन्हें वे आसानी से भुला नहीं पाएंगे।

## अवर अभियन्ता जल निगम को शो-काज नोटिस देने का दिया गया निर्देश



शशि भूषण दूबे /मोहम्मद अमीन शेख

**मीरजापुर।** भीषण गर्मी को देखते हुये ग्रामीण क्षेत्रों में पेजजल सुविधा मुहैया कराने के दिृष्टगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अधिकारियों सहित सभी खण्ड विकास अधिकारी व पेयजल की अधिक शिकायतें प्राप्त होने वाले विकास खड पटेहरा, हलिया, लालगंज, राजगढ पहाडी के ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति उपलब्ध कराने हेतु चर्चा की गई । इस दौरान जल जीवन मिशन के द्वारा हर घर नल से जल योजना के तहत पेयजल आपूर्ति के सम्बन्ध में एक-एक ग्राम प्रधानों के वार्ता कर जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि पेयजल संकट को देखते हुये प्राथमिकता के आधार पर जलापूर्ति करायी जाए। उन्होंने ने खण्ड विकास अधिकारियों व जिला पंचायत राज अधिकारी को संवेदनशील क्षेत्रों में टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एक-एक ग्राम प्रधानों से उनके ग्राम में जल जीवन योजना के तहत पेयजल आपेर्ति के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा जल निगम अधिकारियों व कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया जिन ग्रामों व मजरों में ग्राम प्रधान के द्वारा आपूर्ति न होना बताया जा रहा है वहां पर खंड विकास अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर टीम बनाकर उन गांवों का निरीक्षण करें।

## कान्स में फिर छाईं उर्वशी रौतेला



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित और भव्य फिल्म समारोहों में से एक 78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल 13 मई से शुरू हो चुका है और यह 24 मई तक चलेगा। हर साल की तरह इस बार भी भारतीय सितारों ने रेड कार्पेट पर अपनी शानदार मौजूदगी दर्ज कराई है। अब तक कान्स 2025 में जैकलीन फर्नांडिस, नितांशी गोयल और नैन्सी त्यागी ने अपने स्टाइल और ग्लैमर से सबका ध्यान खींचा है। उर्वशी रौतेला भी इस बार दूसरी बार रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरती नजर आईं। कान्स फिल्म फेस्टिवल से उर्वशी रौतेला का दूसरा लुक भी सामने आ गया है। इस बार वह क्लासिक ब्लैक गाउन में नजर आईं, जिसे उन्होंने एक स्टाइलिश पिंक पर्स के साथ पेयर किया। इससे पहले अपने पहले लुक में उर्वशी ने रंग-बिरंगे ऑफ-शोल्डर गाउन के साथ सिर पर खूबसूरत ताज पहना था, जिसने उनके लुक को शाही अंदाज दिया। साथ ही वह एक शानदार क्रिस्टल तोता क्लच लिए दिखीं, जिसकी कीमत करीब 4.60 लाख रुपये बताई जा रही है।

## बलूचिस्तान में कार बम विस्फोट, चार की मौत, २० घायल



एजेंसी

**क्वेटा।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के किला अब्दुल्ला में एफसी फोर्ट (किला अब्दुल्ला) के पास कल एक कार बम विस्फोट में कम से कम चार लोग मारे गए और 20 अन्य घायल हो गए। यह विस्फोट किला अब्दुल्ला की पिछली दीवार से सटे जब्बार मार्केट के पास हुआ। पाकिस्तान के अखबार द नेशन की खबर के अनुसार, डिप्टी कमिश्नर रियाज खान ने बताया कि विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि शक्तिशाली विस्फोट में कई वाहन और दुकानें भी नष्ट हो गईं। आतंकवादी जाहिर तौर पर एफसी फोर्ट की दीवार को निशाना बनाना चाहते थे। विस्फोट के तुरंत बाद इलाके में भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। किला अब्दुल्ला के डिप्टी कमिश्नर ने विस्फोट की पुष्टि की और कहा कि बम एक कार में लगाया गया था, जिसे एफसी कैंप के पास एक व्यस्त बाजार में पार्क किया गया था। रियाज खान के अनुसार, विस्फोट में एफसी और अन्य सुरक्षा बलों के कर्मियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण कुछ घायल लोगों को क्वेटा स्थानांतरित किया जा रहा है।

## माउंट एवरेस्ट के शिखर पर एक दिन में पहुंचे 135 पर्वतारोही

एजेंसी

**काठमांडू।** पर्वतारोहियों के लिए रविवार का दिन बेहद अनुकूल रहा। मौसम ने साथ दिया और एक ही दिन में 135 पर्वतारोही दुनिया की सबसे ऊंची चोटी सागरमाथा ( माउंट एवरेस्ट) के शिखर तक पहुंचने में सफल रहे। नेपाल के पर्यटन विभाग ने इस बात की पुष्टि की है कि मौसम की स्थिति अनुकूल होने के कारण 18 मई को एक ही दिन में कुल 135 पर्वतारोही माउंट एवरेस्ट के शिखर पर सफलतापूर्वक पहुंचे। यह वसंत चढ़ाई के मौजूदा मौसम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एवरेस्ट बेस कैंप में विभाग के अस्थायी फील्ड ऑफिस के अनुसार, अनुकूल मौसम होने के कारण बड़ी संख्या में पर्वतारोहियों को माउंट एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने में मदद मिली। आज कई और लोगों के भी प्रयास करने की उम्मीद है। विभाग के निदेशक हिमाल गौतम ने कहा कि 18 मई का दिन इस सीजन के लिए एक बड़ा दिन साबित हुआ, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में पर्वतारोही शिखर पर पहुंच गए।



## भारत से भयभीत पाकिस्तान पहुंचा चीन की शरण

- पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार आज से बीजिंग की यात्रा पर हैं

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर से थर्राया पाकिस्तान अब अपने कथित मददगार चीन की शरण में पहुंचा है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार आज से बीजिंग की यात्रा पर हैं। द नेशन अखबार की खबर के अनुसार, डार मुल्क के करीबी मित्र चीन को भारत के साथ हाल ही में हुए सैन्य टकराव के बाद क्षेत्रीय स्थिति के बारे में जानकारी देंगे। डार आज (19 से 21 मई) तक बीजिंग की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश कार्यालय के बयान में कहा गया है कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार 19 से 21 मई तक बीजिंग की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान डार वांग यी के साथ दक्षिण एशिया में उभरती क्षेत्रीय स्थिति और शांति और स्थिरता के लिए इसके निहितार्थों पर गहन चर्चा करेंगे। दोनों पक्ष पाकिस्तान-चीन द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण परिदृश्य की समीक्षा करेंगे तथा आपसी हितों के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। विदेश कार्यालय ने कहा, ९यह यात्रा पाकिस्तान और चीन के बीच चल रहे उच्चस्तरीय आदान-प्रदान का हिस्सा है। यह दोनों देशों की सभी मौसमों में रणनीतिक सहकारी साझेदारी को और मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है।

## चीन ने अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान आयातित प्लास्टिक पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगाया

एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने रविवार को अमेरिका, यूरोपीय संघ, जापान और ताइवान से आयात होने वाले पॉलीऑक्सीमेथिलीन (पीओएम) को-पॉलीमर पर कड़े एंटी-डंपिंग शुल्क लगाने की घोषणा की है। ये शुल्क अमेरिका से आने वाले आयात पर सबसे अधिक 74.9 फीसदी तक लगाए गए हैं।चीन की ओर से यह फैसला उस जांच के निष्कर्ष के बाद लिया गया, जिसमें उसके वाणिज्य मंत्रालय ने मई 2024 में शुरू की थी। यह जांच अमेरिका द्वारा चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों, चिप्स और अन्य उत्पादों पर शुल्क बढ़ाने के कुछ ही समय बाद शुरू की गई थी। वाणिज्य मंत्रालय ने पहले जनवरी में ही प्रारंभिक जांच में यह पाया था कि इन देशों से डंपिंग की जा रही है। इसके बाद 24 जनवरी 2025 से अग्रिम जमा राशि के रूप में अस्थायी शुल्क लगाए गए थे। चीन की ओर से लगाए गए एंटी डंपिंग शुल्क के तहत अमेरिका पर सबसे अधिक 74.9 प्रतिशत का शुल्क लगा है। जबकि यूरोपीय संघ पर 34.5 प्रतिशत, जापान पर सामान्यतः 35.5 फीसदी लेकिन असाही कासे कॉर्प पर 24.5 प्रतिशत का शुल्क लगा है। वहीं, ताइवान पर सामान्यतः 32.6 प्रतिशत लेकिन फॉर्मोसा प्लास्टिक्स पर सिर्फ 4 फीसदी और और पॉली प्लास्टिक ताइवान पर 3.8 प्रतिशत शुल्क लगाया गया है।पीओएम कोपॉलीमर क्या है? पीओएम कोपॉलीमर एक प्रकार का इंजीनियरिंग प्लास्टिक है जो कॉपर और जिंक जैसे धातुओं का आंशिक विकल्प बन सकता है। इसका उपयोग ऑटो पार्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और चिकित्सा उपकरणों में किया जाता है।




## आसमानी जंग के लिए अमेरिका बना रहा घातक फाइटर प्लेन

- इस विमान का नाम है एफ-47, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर रखा गया है




एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका एक बार फिर दुनिया को दिखाना चाहता है कि आसमान में उसका कोई मुकाबला नहीं। इसी मकसद से वह एक ऐसा लड़ाकू विमान तैयार कर रहा है जो तकनीक, ताकत और स्पीड में अब तक के सभी विमानों को पीछे छोड़ देगा। इस विमान का नाम है एफ-47, जिसे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर रखा गया है। अमेरिकी वायुसेना के चीफ जनरल डेविड ऑलविन ने इसे दुनिया का सबसे खतरनाक और अगली पीढ़ी का सुपरफाइटर बताया है। दावा किया जा रहा है कि यह चीन जैसे देशों के लड़ाकू विमानों को हवा में ही चकनाचूर कर देगा। इसका ऑपरेशनल रोल 2025 से 2029 के बीच शुरू होने की उम्मीद है। जनरल ऑलविन ने बताया कि अमेरिकी वायुसेना ने एफ-47 के कम से कम 185 विमानों का ऑर्डर दिया है। यह संख्या एफ -22 रैप्टर की कुल संख्या के बराबर है जो अब तक अमेरिका का सबसे एडवांस फाइटर माना जाता था। इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी बोइंग कंपनी को दी गई है जो एफ -22 बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन को पीछे छोड़ चुकी है। जानकारों का कहना है कि इस सौदे से बोइंग को आने वाले दशकों तक अरबों डॉलर के ऑर्डर मिलने की संभावना है। एफ -47 सिर्फ एक अकेला विमान नहीं होगा बल्कि यह ड्रोन विंगमैन स्क्वाड के साथ उड़ान भरेगा। इस स्क्वाड में शामिल होंगे जनरल एटॉमिक्स और एन्दुरिल इंडस्ट्रीज द्वारा डिजाइन किए गए अत्याधुनिक अकआधारित रोबोटिक ड्रोन। मार्च में ओवल ऑफिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रंप ने खुद इस प्रोजेक्ट का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था, एफ -47 अब तक का सबसे एडवांस, सबसे सक्षम और सबसे घातक विमान होगा। यह स्टील्थ तकनीक से लैस है और लगभग अदृश्य रहेगा। इसकी ताकत अद्वितीय होगी।

## रामायण कार्यशाला में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

एजेंसी

**मीरजापुर।** घमहापुर कम्पोजिट विद्यालय, छानबे में अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान, अयोध्या (संस्कृति विभाग) द्वारा आयोजित रामायण अभिरुचि कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विंध्यधाम मीरजापुर के नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र ने शिरकत की।कार्यशाला में रामायण के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और नैतिक पहलुओं पर गहन और सारगर्भित चर्चा हुई। विद्यालय के बच्चों ने इस अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। विधायक ने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक परंपराओं की समझ को न केवल गहराते हैं, बल्कि नई पीढ़ी में नैतिक मूल्यों और संस्कारों की चेतना भी जगाते हैं।कार्यक्रम में बबलू यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों और विद्यालय स्टाफ में उत्साह देखा गया।



खास खबर

## बी. इंदिरा : एथलीटों के भरोसे से प्रशस्त हुई उनकी प्रसिद्धि की लंबी राह

चेन्नई : तमिलनाडु सरकार ने प्रदेश के खेल विकास प्राधिकरण की अनुभवी ट्रैक और फील्ड कोच बी. इंदिरा को 'सर्वश्रेष्ठ कोच' पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह सम्मान इंदिरा के अथक प्रयासों और राज्य में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। बी. इंदिरा की जीवन यात्रा, जो एक शारीरिक शिक्षा शिक्षक के रूप में उनकी भूमिका से शुरू हुई, दृढ़ता और अपने एथलीटों के प्रति गहरे समर्पण से प्रेरित है। यह समान उनके महत्वपूर्ण सफलताओं, विशेष रूप से ओलंपियन प्रवीण चित्रवेल के साथ उनके संबंधों पर आधारित है , जो उनके छात्रों को निरंतर प्रोत्साहित करने विश्वास पैदा करने और सफलता के पथ की नींव डालने पर आधारित है। 53 वर्षों के बाद, यह पुरस्कार अंततः तमिलनाडु में खेलों के विकास में इंदिरा के विशेष योगदान को याद दिलाया है। बी. इंदिरा को दिए गए सम्मान के पीछे की कहानी जुड़ी है विश्व प्रसिद्ध बैडमिंटन चैंपियन पीवी सिंधु के संघर्षों और सफलताओं की घटनाओं से। बताया जा रहा है कि बैडमिंटन की दुनिया में सिंधु की उल्लेखनीय यात्रा उनके परिवार, कोच और साथियों से मिले समर्थन और विश्वास से भी गहराई से जुड़ी हुई है।

## चहल की अच्छाई और विनम्रता को पसंद करती हूं : महवश

नयी दिल्ली । पिछले कुछ समय से स्पिनर युजवेंद्र चहल और आरजे महवश के बीच अफेयर की चचाएं है। इसका कारण है कि ये दोनो कई जगहों पर एकसाथ देखे गये हैं। वहीं महवश और चहल ने अब तक अपने रिलेशनशिप को लेकर कुछ नहीं कहा है पर वह आईपीएल मैचों में हमेशा नजर आयीं हैं। महवश ने चहल को बेहद केयरिंग बताया है। महवश ने कहा, ह्यउनकी अच्छाई और उनकी विनम्रता को वह पसंद करती हैं साथ ही कहा कि वह , वह सच में सबसे केयरिंग लोगों में से एक हैं जिन्हें आप कभी मिलेंगे। वह हमेशा अपने लोगों के लिए मौजूद रहते हैं. मैं निश्चित रूप से उनकी यह खासियत अपनना चाहूंगी। इससे पहले भी महवश ने एक मैच में चहल के अच्छे प्रदर्शन के बाद उनके लिए एक इमोशनल मेसेज पोस्ट किया था, जिसमें लिखा था, अपने लोगों का हर हाल में समर्थन करने और उनके पीछे चट्टान की तरह खड़े रहने के लिए। हम सब आपके साथ हैं। चहल ने गर्मजोशी से जवाब दिया, ह्यआप लोग मेरी ताकत हैं। हमेशा मेरे साथ खड़े रखने के लिए धन्यवाद। महवश और चहल के बीच रिश्ते की बातें तब शुरू हुईं जब चहल का पूर्व पत्नी धनश्री वर्मा से तलाक हुआ। महवश और चहल दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी मैच के फाइनल के दौरान साथ-साथ नजर आए थे। चहल जहां क्रिकेट में व्यस्त हैं वहीं महवश भी अभिनय के क्षेत्र में उतर रही हैं।

## ऑपरेशन सिंदूर के समय पीओके में थे ऑल-राउंडर मोईन के माता-पिता

नई दिल्ली। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेल रहे इंग्लैंड के ऑल-राउंडर मोईन अली ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के समय उसके माता-पिता पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में थे। मोईन के अनुसार उसके माता-पिता जहां थे वहां से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर भी मिसाइल गिरे थे। साथ ही कहा कि वह चिंता बढ़ाने वाला क्षण था और वे किसी तरह उसी दिन फ्लाइट पकड़कर निकल लिए। मैं खुश था कि वे बाहर निकल गए लेकिन यह क्रेजी था। गौरतब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंक हमले के बाद भारत ने 7 मई को पाकिस्तान और पीओके में कई आतंकी ठिकानों को ड्रोन और मिसाइलों से ध्वस्त कर दिया। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने पर आईपीएल को एक हफ्ते के लिए स्थगित करना पड़ा था। मोईन अली ने आईपीएल स्थगित होने को लेकर अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, हमें ऐसा लगा जैसे कि हम एक युद्ध के बीच में हैं। अचानक आप देश से बाहर जाने के लिए परेशान हो जाते हैं और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करने लगते हैं कि आपका परिवार सुरक्षित हो।

# आईपीएल में सीएसके और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला आज

एजेंसी

नई दिल्ली । आईपीएल में मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला होगा। दोनो ही टीमें पहले ही इस टूनार्मेंट से बाहर हो गयी हैं। ऐसे में ये मैच एक औपचारिकता भर है। दोनो ही टीमें इस मैच में जीत के साथ ही अंतिम स्थान पर आने से बचने का प्रयास करेंगी। ये मैच रॉयल्स का इस सत्र का अंतिम मैच है। टीम इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी। विशेष रुप से उसके गेंदबाज विफल रहे। टीम को हालांकि 14 साल के वैभव सूर्यवंशी के रूप में एक भविष्य का सितारा जरुर मिल गया। टीम के बल्लेबाजों के प्रयासों पर उसके कमजोर गेंदबाजों ने पारी फेर दिया। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर अत्यधिक




निर्भरता और मध्य क्रम का असफल होना भी टीम की हार का कारण रहा। विपक्षी टीम पर अंकुश लगाने वाले गेंदबाज की कमी भी टीम के लिए नुकसान देह रही। रॉयल्स की टीम के बल्लेबाजी ने कुछ मैचों में तेज शुरूआत की पर उनके गेंदबाजों ने सहयोग नहीं किया। पंजाब किंग्स के खिलाफ उसने शुरूआती पांच ओवर में 70 से अधिक रन बनाए लेकिन टीम फिर भी मैच हार गई। ऐसे में टीम इस मैच को जीतकर अपने अभियान का समापन करना चाहेगी। वहीं दूसरी ओर सीएसके की टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है और अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल करने के प्रयोग में असफल रही है। इसी कारण उसे हार का सामना करना पड़ा है। प्रभावित हुआ है। सुपरकिंग्स को राहुल त्रिपाठी और दीपक हुड्डा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें थीं पर दबाव की स्थिति में लगातार मैच जीतने वाला प्रदर्शन नहीं कर पाए। आयुष म्हात्रे, शेख रशीद और उर्विल पटेल जैसे युवा खिलाड़ियों को वह निखारने का प्रयास करेग। आयुष रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शतक लगाने के करीब पहुंचे और सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियन्स के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन किया। उर्विल ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आक्रामक पारी खेली थी। इस सत्र में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के टूर्नामेंट से बाहर होने से भी सीएसके को परेशानी हुई थी जिसके कारण महेन्द्र सिंह धोनी को कप्तानी संभालनी पड़ी। इस सत्र मडेवोन कॉनवे और रचिन रविंद्र जैसे विदेशी खिलाड़ियों का भी उसे लाभ नहीं मिला। टीम का लक्ष्य इस मैच में नई प्रतिभाओं को आजमाना रहेगा।

**दोनों टीम इस प्रकार हैं**

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, दीपक हुडा, सैम कुरेन, रविंद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्ण घोष, जेमी ओवरटन, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, श्रेयस गोपाल, डेवोन कॉनवे, रचिन रविंद्र, मुकेश चौधरी, नाथन एलिस, सी आंद्रे सिद्दार्थ और वंश बेदी।

**राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), अशोक शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, शुभम दुबे, फजलहक फारूकी, वानिंदु हसरंगा, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका, रियान पराग, लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, कुणाल सिंह राठौड़, वैभव सूर्यवंशी, महेश तीक्षणा, युद्धवीर सिंह।

# जीटी की जीत से आरसीबी और पंजाब भी पहुंची प्लेऑफ में

एजेंसी

नई दिल्ली । गुजरात टाइटंस की दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के साथ ही वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। इस जीत के साथ ही गुजरात के 2025 में 12 मैचों में नौ जीत से 18 अंक हो गये हैं। उसे केवल तीन मैचों में ही हार मिली है। ये हार उसे पंजाब किंग्स, लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स से मिली थी। गुजरात की टीम ने तीसरी बार प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। 2022 में टीम चैंपियन बनी थी। वहीं 2023 में उपविजेता थी, जबकि 2024 में वह शुरूआत में ही बाहर हो गयी थी। आईपीएल के इस सत्र में गुजरात की जीत से अन्य दो टीमों रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स को भी आसानी से प्लेऑफ में जगह मिल गयी। इस प्रकार अब तक तीन टीमों ने प्लेऑफ में जगह बना ली है। आरसीबी की टीम ने 12 मैच खेले हैं, जिसमें से टीम ने 8 मैच जीते हैं जबकि तीन मैच वह हारी है। आरसीबी का पिछला मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था, जिसके कारण उसे प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगले मैच का इंतजार था पर गुजरात की जीत के साथ बेंगलुरु की टीम का काम आसान हो गया। इस प्रकार बेंगलुरु की टीम ने सातवीं बार प्लेऑफ में जगह बनाई है, जिसमें तीन बार टीम ने फाइनल तक का सफर तय किया है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल दूसरी बार प्लेऑफ में पहुंची है। इससे पहले टीम ने 2014 में फाइनल तक का सफर तय किया था लेकिन तब वह खिताबी मुकाबले में हार गयी थी। आईपीएल 2025 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने 12 मैच खेले हैं और आठ में जीत हासिल की है। वहीं टीम को तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है।






स्पेन में ला लिगा फुटबॉल मुकाबले में बार्सिलोना के खिलाफ ट्रॉफी के साथ जीत का जश्न मनाते हुए।

## केकेआर ने शिवम शुक्ला और आरसीबी ने मुजरबानी को किया शामिल

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के बाकी बचे मुकाबलों के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर)और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपनी-अपनी टीमों में बदलाव किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर रोवमैन पावेल की जगह शिवम शुक्ला को टीम में शामिल किया है। इसी तरह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने साउथ अफ्रीका के लुंगी एनगिडी की जगह जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को टीम में शामिल किया है।
पावेल टॉन्सिल की सर्जरी के कारण टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर शामिल किए गए शिवम शुक्ला लेग स्पिनर हैं, जो घरेलू क्रिकेट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# ऑरेंज कैप लिस्ट की सूची में पहले नंबर पर पहुंचे, साई सुदर्शन

एजेंसी

नई दिल्ली । आईपीएल सत्र दौबारा शुरू होने के साथ ही ऑरेंज और पर्पल कैप के दावेदारों में बदलाव आया है। गुजरात टाइटंस के युवा सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन एक बार फिर से ऑरेंज कैप की दौड़ में नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं। सुदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में शतक लगाकर पहला स्थान हासिल किया। सुदर्शन के अब तक इस सत्र के 12 मैचों में सबसे अधिक 617 रन हो गये है। सुदर्शन ने राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल के अलावा मुम्बई के सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ा है। यशस्वी अब तीसरे तीसरे नंबर पर फिसल गये हैं। उनके अब तक 13 मैचों में 523 रन हैं। मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार चौथे पायदान पर हैं। उन्होंने 12 मैचों में 510 रन बनाये हैं। वहीं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पांचवें नंबर पर हैं। उन्होंने 11 मैचों में 505 रन बनाए हैं जबकि गुजरात के कप्तान शुभमन गिल दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 12 मैचों में 601 रन बनाये हैं। दिल्ली के लिए शतक लगाने वाले केएल राहुल ने 11 मैचों में 493 रन बनाये हैं।




**आईपीएल 2025 ऑरेंज कैप सूची**

| खिलाड़ी मैच | रन | औसत | |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन12 | 617 | 56.09 | |
| शुभमन गिल | 12 | 601 | 60.10 |
| यशस्वी जायसवाल | 13 | 523 | 43.58 |
| सूर्यकुमार यादव | 12 | 510 | 63.75 |
| विराट कोहली | 11 | 505 | 63.12 |
| जोस बटलर | 12 | 500 | 71.42 |
| केएल राहुल | 11 | 493 | 61.62 |
| प्रभसिमरन सिंह | 12 | 458 | 38.16 |
| श्रेयस अय्यर | 12 | 435 | 48.33 |
| निकोलस पूरन | 11 | 410 | 41.00 |

वहीं सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप सूची में भी बदलाव आया है। गुजरात टाइटंस के स्पिनर साई किशोर इसमें दो स्थान के लाभ के साथ ही आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अभी तक 12 मैचों में 15 विकेट लिए हैं। गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक स्थान नीचे नौवें स्थान पर फिसल गए हैं। उन्हें चार ओवर में 37 रन देने के बाद कोई सफलता नहीं मिली। उनके 12 मैचों में 15 विकेट हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हर्षित राणा दसवें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने भी 12 मैचों 15 विकेट लिए हैं। गुजरात के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के पास पर्पल कैप है। उन्होंने 12 मैचों में 21 विकेट लए हैं।

**आईपीएल 2025 पर्पल कैप सूची-**

| खिलाड़ी मैच | विकेट | औसत | |
|---|---|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा | 12 | 21 | 17.57 |
| नूर अहमद 12 | 20 | 17.25 | |
| जोश हेजलवुड | 10 | 18 | 17.27 |
| ट्रेंट बोल्ट 12 | 18 | 19.88 | |
| वरुण चक्रवर्ती | 12 | 17 | 19.35 |
| अर्शदीप सिंह | 12 | 16 | 21.93 |
| वैभव अरोड़ा | 11 | 16 | 24.43 |
| साई किशोर 12 | 15 | 19.60 | |
| मोहम्मद सिराज | 12 | 15 | 27.06 |
| हर्षित राणा | 11 | 14 | 27.20 । |




# अंडर-19 क्रिकेट टीम में देश का प्रतिनिधित्व करेगा कनिष्क चौहान

एजेंसी

सिरसा । सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव डॉ. वेद बेनीवाल ने बताया कि सिरसा का युवा क्रिकेटर कनिष्क चौहान अंडर-19 क्रिकेट टीम में इंग्लेंड में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। डा. वेद बैनीवाल सोमवार को सिरसा क्रिकेट एसोसिएशन के बैनर तले शाह सतनाम जी क्रिकेट अकादमी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिरसा का यह उभरता सितारा क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण और सामर्थ्य से भारत की अंडर-19 क्रिकेट का हिस्सा बना है जो न केवल सिरसा बल्कि समूचे हरियाणा के लिए गौरव का विषय है। डॉ. बेनीवाल ने इस मौके पर हाल ही में अंडर-19 की विजेता बनी सिरसा की टीम और अंडर-23 की फाइनल तक पहुंची क्रिकेट टीम को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि वे हर खिलाड़ी को एक बड़ा मंच देने के लिए तत्पर हैं, बशर्ते वह मैदान पर परफॉरमेंस दे। उनके जीवन में सिफारिश नाम के शब्द की कोई जगह नहीं है। इसका ज्वलंत उदाहरण भारत की टीम में हरियाणा के ख्यातिप्राप्त स्पिनर युजवेंद्र चहल है। डॉ. वेद बेनीवाल ने कहा कि वे अनुभव से कहते हैं कि कनिष्क चौहान में क्रिकेट की जो भूख है, उसी के चलते वह एक दिन सीनियर भारतीय क्रिकेट में भी अपना स्थान बनाएंगे। इससे पूर्व चयनकर्ता हितेश ने अपने संबोधन में खिलाडि?ों को प्रेरित करते हुए कहा कि क्रिकेटर्स को उनका असली मंच वे खुद अपनी प्रतिभा से दे सकते हैं इस प्रतिभा को निखारने के लिए संसाधनों व अवसर देने का कार्य डॉ. वेद बेनीवाल के साथ वे स्वयं तथा सिरसा क्रिकेट टीम के मुख्य प्रशिक्षक जसकरण सिंह के साथ सदैव तत्पर हैं। कार्यक्रम के दौरान टीम के मुख्य प्रशिक्षक जसकरण सिंह ने अंडर-19 क्रिकेट की विजययात्रा एवं अंडर-23 क्रिकेट टीम के फाइनल तक पहुंचने के लिए किए गए टीम गेम के प्रयासों को विस्तृत रूप से बताया।




# झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के निर्वाचित सदस्यों ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की

एजेंसी

रांची : मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन, जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री अजय नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष श्री संजय पांडेय, सचिव श्री सौरभ तिवारी (पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर), कोषाध्यक्ष श्री अमिताभ घोष, मैनेजिंग कमिटी के सदस्य श्री मिहिर प्रितेश टोप्पो, श्री रमेश कुमार, श्री संजय जैन, श्री रत्नेश कुमार सिंह, जिला प्रतिनिधि श्री श्रीराम पुरी और श्री उत्तम कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को जेएससीए चुनाव से संबंधित पूरी जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने जेएससीए के सभी निर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई तथा शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि जेएससीए की नई टीम पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ झारखंड में क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम करेगी।



# प्लेऑफ के एक स्थान के लिए हैं कैपिटलस , मुम्बई और सुपरजायंट्स में मुकाबला

एजेंसी

मुम्बई । आईपीएल 2025 प्लेऑफ में गुजरात टाइटंस के अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और पंजाब किंग्स सहित तीन टीमें पहुंची हैं। अब केवल एक स्थान ही बचा है। जिसके लिए दिल्ली कैपिटल्स, मुम्बई इंडियंस और लखनऊ सुपरजायंट्स दावेदार हैं। इनमें सुपरजायंट्स की दावेदारी सबसे कमजोर है क्योंकि वह अंक और रन रेट में सबसे नीचे है। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद लीग स्तर पर ही बाहर हो गयीं थीं।
मुंबई इंडियंस : मुम्बई को प्लेऑफ में जगह बनाने 21 मई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबला जीतना होगा। वहीं उसे 26 मई को जयपुर में पंजाब किंग्स से खेलना है। अगर मुंबई अपने दोनों मैच जीत जाती हैं तो 18 अंकों के साथ अपने आप क्वालीफाई कर जाएगी और उसे उसे दूसरी टीमों के परिणामों पर पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। अगर सिर्फ एक मैच जीतती है तो भी 16 अंकों के साथ क्वालीफाई कर सकती है, लेकिन ये इस बात पर निर्भर करता है कि वे किसे हराते है।. अगर दिल्ली कैपिटल्स को हरा देते हैं तो वे प्लेऑफ में अपनी जगह लगभग पक्की कर लेंगे। अगर दिल्ली से हार जाते हैं लेकिन पंजाब किंग्स को हरा देते हैं तो उन्हें उम्मीद करनी चाहिए कि दिल्ली अपने आखिरी मैच में पंजाब से हार जाए। अगर दोनों मैच हार जाते हैं तो मुंबई इंडियंस बाहर हो जाएगी।
दिल्ली कैपिटल्स : कैपिटल्स को 20 मई को मुंबई में मुम्बई इंडियंस जबकि 24 मई को जयपुर में पंजाब किंग्स से खेलना है। दिल्ली अगर अपने दोनों मैच जीत जाती है तो 17 अंकों के साथ क्वालीफाई करेगी और मुंबई इंडियंस बाहर हो जाएगी। वहीं अगर सिर्फ एक मैच जीतती हैं तो मुंबई इंडियंस से हारने पर दिल्ली बाहर हो जाएगी। अगर मुंबई को हरा देती है और पंजाब से हार जाती हैं तो उन्हें उम्मीद करनी होगी कि पंजाब भी मुंबई को भी हरा दे और लखनऊ सुपर जायंट्स को अपने बचे हुए तीन मैच में से कम से कम एक मैच हारना होगा। इस सीन में दिल्ली के 15 अंक होंगे, मुंबई के 14 और लखनऊ के 14 से ज्यादा नहीं होंगे। अगर दिल्ली अपने दोनों मैच हार जाती है तो बाहर हो जाएगी । वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स को जीत के लिए अपने सभी मैच जीतने होंगे इसमें एक में भी हारी तो वह बाहर हो जाएगी। उसे 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाटस व 27 मई को लखनऊ में आरसीबी से खेलना हैं।





# ऋषभ को रन बनाने ही होंगे : रैना

एजेंसी

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग और सुरेश रैना ने कहा है कि आईपीएल के इस सत्र में अबतक लखनऊ सुपरजायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत असफल रहे हैं।
ऐसे में अगर टीम को प्लेऑफ में जगह बनानी है तो ऋषभ को बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलानी होगी। सुपरजायंट्स ने 11 मैचों में से 5 जीते हैं और 10 अंक के साथ इस रेस में बनी हुई है। उसकी प्लेऑफ की उम्मीद तभी कायम रहेगी जब वह अपने सभी मैच जीते। इसके बाद भी उसे दूसरी टीमों के समीकरण पर निर्भर रहना पड़ सकता है। रैना ने ऋषभ के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा कि उसे नीलामी में 27 करोड़ रुपए मिले हैं। इसलिए उसे रन बनाने ही होंगे। रैना ने कहा, पंत को रन बनाना चाहिए। लखनऊ के सम्मान के लिए रन बनाना चाहिए। इस पर वीरेंद्र सहवाग ने तंज कसते हुए कहा, ह्यकाश! पैसे देकर परफॉर्मेंस खरीदी जा सकती। सुपरजायंट्स ने आईपीएल नीलामी में ऋषभ पर 27 करोड़ की बोली लगाई थी। इसके साथ ही वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए पर वह अपनी टीम को भरोसा बरकारार नहीं रख पाये। वह इस सत्र के 11 मैचों में 128 रन ही बना सके हैं और उनका स्ट्राइक-रेट 100 से कम है।





# दादा साहब फाल्के की बायोपिक करने जा रहे आमिर खान

दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा का पितामह कहा जाता है। उन्होंने ही भारतीय फिल्मों की नींव रखी। तभी उनके नाम पर सिनेमा का सबसे बड़ा पुरस्कार 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' रखा गया। दादा साहब के जीवन और फिल्मों को लेकर उनकी कहानी काफी रोचक है। अब ये कहानी बड़े पर्दे पर भी नजर आएगी। जी हां, सही सुना आपने, दादा साहब फाल्के के ऊपर फिल्म बनने जा रही है। जानिए कौन बनाने जा रहा है ये फिल्म।

## आमिर खान और राजू हिरानी की जोड़ी बनाएगी फिल्म

भारतीय सिनेमा और फिल्मों के जनक कहे जाने वाले दादा साहब फाल्के की कहानी अब हर किसी को पता चलेगी। क्योंकि दादा साहब फाल्के के जीवन पर अब फिल्म बनाने की तैयारी है। जिन्होंने भारतीय फिल्मों को लाया, अब उन पर फिल्म लाने का काम करने जा रहे हैं बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान। 'थ्री इडियट्स' और 'पीके' जैसी शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाली जोड़ी आमिर खान और राजकुमार हिरानी अब दादा साहब फाल्के के जीवन को पर्दे पर उतारने की तैयारी कर रहे हैं। इस जोड़ी के इस फिल्म पर काम करने से लोगों को फिल्म से काफी उम्मीदें बंधने लगी हैं। अक्टूबर में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग आजादी की जंग के दौर में बसी ये कहानी एक ऐसे कलाकार की है, जिसने शून्य से शुरूआत कर हर मुश्किल का सामना करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी स्वदेशी फिल्म इंडस्ट्री की नींव रखी। जानकारी के मुताबिक, इसी साल अक्टूबर से इस फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। आमिर खान अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' की रिलीज के तुरंत बाद अपने किरदार की तैयारी में जुट जाएंगे। जबकि फिल्म के दौर और समय को दिखाने का काम वीएफएक्स के जरिए पहले से ही शुरू किया जा चुका है। राजकुमार हिरानी, अभिजात जोशी, हिंदुकुश भारद्वाज और अविष्कार भारद्वाज फिल्म की स्क्रिप्ट पर पिछले चार साल से काम कर रहे हैं।
दादा साहब फाल्के के पोते चंद्रशेखर श्रीकृष्ण पुसालकर ने इस प्रोजेक्ट का पूरा समर्थन किया है और दादा साहब फाल्के के जीवन से जुड़ी कई खास बातें और घटनाएं साझा की हैं। आमिर खान और राजकुमार हिरानी के फिल्म के लिए फिर से साथ आने से इस फिल्म के बड़े स्तर पर बनने की उम्मीद है।



# पहले सोचा करती थी कि काश मैं उस सुपरस्टार के घर पैदा होती

**हिंदी और पंजाबी फिल्मों में नाम कमा चुकी बेहद खूबसूरत वामिका गब्बी बेबी जॉन और 83 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इन दिनों चर्चा में हैं वह अपनी फिल्म भूलचूक माफ को लेकर। इस फिल्म में वह राजकुमार राव के साथ नजर आ रही हैं।**

**आपने इंडस्ट्री में लंबा समय बिताया है और अब आपको अच्छे मौके भी मिल रहे हैं। आप अपने अब तक के सफर को किस तरह देखती हैं?**
मैं इतने समय से इंडस्ट्री में हूं तो इसकी वजह मेरे माता-पिता का साथ है। उन्होंने मुझे हमेशा से बहुत सुरक्षित महसूस कराया है। मेरे पास ऐसे दोस्त थे जो मेरे साथ खड़े थे। इस वजह से मैं अपने सफर में कभी निराश नहीं हुई। मुझे लगता है कि जब आपकी खुद एनर्जी साफ होती है तो आप अच्छे लोगों को अट्रैक्ट करते हैं। जब मैं अपनी जिंदगी में खुद तैयार हो गई थी, तो मुझे लगता है कि मौका खुद मेरे रास्ते पर आ गया था। मुझे नहीं पता था कि मैं कभी ये वक्त देख पाऊंगी जब मैं भूल चूक माफ जैसी फिल्म कर रही हूं। पहले मैं ये सोचती थी कि काश मैं उस सुपरस्टार के घर पैदा होती तो जिंदगी कितनी अच्छी होती। अब मैं भगवान का शुक्रिया अदा करती हूं कि जैसी मेरी लाइफ है, जो मेरे पिता हैं, मैं उसी सुपरस्टार के लिए पैदा हुई हूं।

**आने वाले दिनों में आपकी कौन सी फिल्में हैं?**
मैंने एक तमिल और एक तेलुगू फिल्म की है। एक फिल्म है जीनी, ये फैंटेसी फिल्म है। एक और फिल्म दिल का दरवाजा खोल ना डार्लिंग भी है।


**आपकी नई फिल्म में दिखाया गया है कि आपका परिवार आपके लिए सरकारी नौकरी वाला लड़का ढूंढ रहा है। आपने कभी अपने आसपास ऐसा देखा है कि लोग कहते हों कि सरकारी नौकरी वाला लड़का चाहिए?**
मुझे लगता है कि ये हर जगह है। सरकारी नौकरी एक तरह की सुरक्षा है जिसमें पेंशन है और बाकी सुविधाएं भी हैं। पहले तो ये बहुत ज्यादा होता था लेकिन आज उतना नहीं है। हां, छोटे शहरों में आज भी इसको बहुत महत्व दिया जाता है।

**राजकुमार आज इंडस्ट्री के भी राजकुमार हैं और इन्होंने कई अच्छी फिल्में की हैं। आपका राजकुमार के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?**
मेरा तो राजकुमार के साथ करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा है। मैं तो उनके साथ काम करने के लिए खुश थी। साथ ही मेरे माता-पिता बहुत खुश थे कि मैं राजकुमार के साथ फिल्म कर रही हूं। थोड़ी नर्वस भी थी लेकिन राजकुमार और डायरेक्टर करन शर्मा ने मुझे काफी सहज महसूस कराया। इसी वजह से मैं अपना बेस्ट दे पाई। शूटिंग का माहौल बहुत ही अच्छा था।




# भोजपुरी वाले मुझे अफोर्ड नहीं कर सकते

पॉपुलर टीवी एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री और वहां के एक्टर्स को लेकर चौंकाने वाला बयान दिया है। आकांक्षा पुरी हाल ही एक पॉडकास्ट में पहुंची थीं, जिसके वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। आकांक्षा पुरी पिछले कुछ समय से भोजपुरी सिनेमा में काम कर रही हैं। उनके भोजपुरी गाने यूट्यूब खूब ट्रेंड कर चुके हैं। आकांक्षा पुरी ने भोजपुरी में खेसारी लाल यादव के साथ कई भोजपुरी गाने किए हैं, जो हिट रहे हैं। उनकी जोड़ी भी काफी पसंद की जा रही है। लेकिन अब आकांक्षा का कहना है कि वह भोजपुरी में ज्यादा काम नहीं करना चाहतीं। साथ ही कहा कि भोजपुरी की हीरोइनें उनसे जलती हैं।
आकांक्षा से पहले खेसारी की जोड़ी काजल राघवानी, अक्षरा सिंह और आम्रपाली दुबे संग बनी। आकांक्षा पुरी ने कहा, भोजपुरी की फीमेल एक्टर्स मुझसे जरूर जल रही होंगी क्योंकि उनके गानों पर भी शायद इतने व्यूज नहीं आए, जितने मेरी [illegible] स्टोरीज को आ जाते हैं। आकांक्षा पुरी ने आगे कहा, वहां बजट बहुत कम है। जो पर डे (प्रति दिन) हम लेते हैं गाने का, उतने बजट में तो वहां पूरा गाना शूट हो जाता है। तो उन लोगों के लिए हम लोगों को अफोर्ड करना थोड़ा मुश्किल है। बहुत काम तो मैं वहां नहीं करना चाहती क्योंकि मेरा बहुत नुकसान हो जाएगा।



# विवेक अग्निहोत्री ने बताया क्या बनाता है अनिल कपूर को खास



फ़िल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री ने हाल ही में मेगास्टार अनिल कपूर के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किए, जिन्होंने चॉकलेट-डीप डार्क सीक्रेट्स में अनिल कपूर ने 'एडवोकेट कृष्ण पंडित' की भूमिका निभाई थी। इस दौरान अग्निहोत्री ने उनके बेहतरीन अनुशासन और समर्पण के कुछ अनसुने किस्से बताए, जो अनिल कपूर की कला के प्रति सच्ची लगन और सादगी को दर्शाते हैं। अग्निहोत्री ने कहा, अनिल कपूर वो ऐसे इंसान हैं जो सेट पर आते ही वहीं पे फट से कपड़े चेंज कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि कैसे अनिल कपूर बिना झिझक शूटिंग फ्लोर पर ही कपड़े बदलकर एक काला कपड़ा पहन लेते और कहते, क्यों टाइम वेस्ट करना यार, नीचे वैन में जाने का कौन झंझट लेगा? एक किस्सा याद करते हुए विवेक ने बताया कि अनिल कपूर ने एक बार उनसे पूछा, एक बात बता, इस शर्ट का एक बटन खोलूं या दो?—इस बात को समझने के लिए कि एक सोफिस्टिकेटेड वकील किस तरह खुद को पेश करेगा। जब विवेक ने कहा कि एक बटन काफी होगा, तो अनिल बोले, अच्छा, समझ गया। तुझे अनिल कपूर की इमेज नहीं चाहिए, तुझे अनिल कपूर एक्टर चाहिए। अच्छा, ठीक है। यही स्पष्टता, जिज्ञासा और किरदार में गहराई से उतरने की आदत उन्हें दूसरों से अलग बनाती है।
उन्होंने यह भी साझा किया कि एक सीन के दौरान अनिल कपूर की इंटेंसिटी देखकर खुद इरफान खान भी एक पल के लिए ठहर गए थे—यह इस बात का सबूत है कि अनिल कपूर की उपस्थिति कितनी प्रभावशाली होती है। विवेक अग्निहोत्री ने यह भी बताया कि एक बार जब वे अनिल कपूर की वैनिटी वैन में गए, तो उन्होंने देखा कि अनिल, राज कपूर के पुराने सीन देख रहे थे। पूछने पर अनिल ने कहा, इंस्पिरेशन चाहिए होती है यार। जब ग्रेट लोगों को देखते हो ना, तो दिल के अंदर कुछ अलग ही चीज़ जगती है। हर डायलॉग परफेक्ट नहीं हो सकता, लेकिन राज कपूर जैसे महान लोगों को देखने से उन्हें प्रेरणा मिलती है, अनिल कपूर लगातार महान अभिनेताओं से प्रेरणा लेकर अपने कौशल को निखारते हैं, जिस पर विवेक अग्निहोत्री अभिनेता की प्रशंसा करते हुए कहते हैं, इसीलिए मुझे अनिल कपूर, नाना पाटेकर, और मिथुन दा जैसे लोगों के साथ काम करने में अलग ही मजा आता है।
जल्द ही दर्शक अनिल कपूर की वही तीव्रता उनकी आने वाली फिल्म सूबेदार में देख पाएंगे, जिसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। यह फिल्म एक अत्यधिक सम्मानित सेना अधिकारी की भावनात्मक यात्रा को दर्शाएगी, जो व्यक्तिगत क्षति से जूझते हुए अपनी ड्यूटी के प्रति समर्पित रहता है। यह फिल्म एक गहन और प्रभावशाली परफॉर्मेंस का वादा करती है। सूबेदार का प्रीमियर ओटीटी पर होने वाली है, और उम्मीदें बहुत अधिक हैं क्योंकि अनिल कपूर एक बार फिर ऐसी भूमिका में हैं जो गंभीरता और संवेदनशीलता दोनों को एक साथ जीवंत करेंगे।

# अलगाव की अफवाहों पर बोलीं युविका मैंने चुप रहना बेहतर समझा



प्रिंस नरूला और युविका चौधरी की मुलाकात 'बिग बॉस 9' के दौरान हुई, इसके बाद ही ये रिलेशनशिप में आए। साल 2018 में ये दोनों शादी के बंधन में बंध गए। पिछले साल इनके अलगाव की खबरों ने तब जोर पकड़ा, जब युविका और प्रिंस माता-पिता बने। दरअसल, प्रिंस ने बेटी के जन्म पर कहा था कि युविका ने इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी। जिस दिन युविका हॉस्पिटल पहुंची, प्रिंस शूटिंग में व्यस्त थे। इसी बात के कारण ही प्रिंस और युविका के अलगाव की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया। अब युविका ने इन्हीं सब अफवाहों को लेकर चुप्पी तोड़ी है।

## अफवाह का असल कारण बताया

बातचीत में युविका कहती हैं, 'हम दोनों घर पर नहीं बैठ सकते थे किसी को बाहर जाकर काम करना था। मैं भी खुश थी प्रिंस हमारे लिए इतनी मेहनत कर रहे हैं। प्रिंस अपने प्रोजेक्ट्स में व्यस्त रहते थे, उसी दौरान हमारा घर भी बन रहा था। प्रिंस घर और काम दोनों को देखकर रहे थे। उसी दौरान कुछ लोगों ने मेरा व्लॉग देखा और अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि हमारा अलगाव हो रहा है। इस वजह से हमारे पैरेंट्स काफी परेशान हो गए।'


## युविका ने सफाई क्यों नहीं दी

युविका आगे कहती हैं, 'अगर मैं मीडिया में आकर इन बातों के बारे में सफाई देती तो ये बातें और बढ़ सकती थीं। ऐसे में मैंने चुप रहना ही बेहतर समझा। मुझे पता था एक दिन सब कुछ नॉर्मल हो जाएगा। जबकि प्रिंस मुझसे अलग हैं। वह काफी इमोशनल, हाइपर भी हैं। इसके बावजूद हमने इस सिचुएशन को अच्छे से हैंडल किया।'

## युविका का करियर फ्रंट

इन दिनों युविका चौधरी करियर ब्रेक पर हैं, वह अपनी बेटी की परवरिश पर ध्यान दे रही हैं। साथ ही अपना एक व्लॉगिंग चैनल भी यूट्यूब पर चलाती हैं। युविका ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'ओम शांति ओम' से की थी, इसके बाद वह कई फिल्मों, टीवी सीरियल और रियालिटी शो में नजर आईं।

# 'केसरी वीर' से सूरज पंचोली का फिल्मों में कमबैक



**फिल्म केसरी वीर से एक्टर सूरज पंचोली चार साल बाद बॉलीवुड में वापसी कर रहे हैं। इसी फिल्म से आकांक्षा शर्मा भी अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत करेंगी। फिल्म में सोमनाथ मंदिर की कहानी दिखाई जाएगी। सूरज पंचोली और आकांक्षा शर्मा के अलावा फिल्म में सुनील शेट्टी और विवेक ओबेरॉय भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में सूरज ने खास बातचीत की। उन्होंने कहा कि हमें इस फिल्म में काम करने का मौका मिला, यह हमारे लिए गर्व की बात है।**

**चार साल बाद आप फिल्मों में कमबैक कर रहे हैं। इस पल को लेकर आप कैसा महसूस कर रहे हैं और आपके जज्बात क्या है?**
मैं वाकई बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। काफी लंबे समय बाद फिल्मों में वापसी हो रही है। फिल्म तो सही है, लेकिन जो चीज मैंने सबसे ज्यादा मिस की, वो है प्रमोशन का दौर। लोगों से मिलना, बातें करना, वो माहौल। ये सब सच में बहुत याद आता था। एक बार फिर से उसी जगह लौटकर बेहद खुशी हो रही है।

**आपको इस फिल्म का ऑफर कैसे मिला था और उस वक्त आपके क्या एहसास थे?**
फिल्म के प्रोड्यूसर कनु चौहान सर हमारे घर आए थे। उनके आने से कुछ दिन पहले ही मैं सोमनाथ गया था, इसलिए मुझे सोमनाथ के इतिहास के बारे में अच्छी जानकारी थी। जब मुझे बताया गया कि मुझे एक योद्धा का किरदार निभाना है, तो मैं बेहद खुश हुआ। यह मेरा सपना था कि मैं अपने जीवन में कभी एक योद्धा का रोल निभाऊं। इसलिए इस मौके को पाकर मैं काफी खुश हूं।

**फिल्म में आपने एक योद्धा का किरदार निभाया है। आपकी निजी जिंदगी भी किसी योद्धा से कम नहीं रही है। ऐसे में आपका यह कमबैक कितना चुनौतीपूर्ण या खास रहा?**
सच कहूं तो मुझे पहले भी फिल्में ऑफर हो रही थीं, लेकिन मैं सिर्फ एक सही फिल्म और सही समय का इंतजार कर रहा था। फिर वो मौका आया भी। बिल्कुल सही वक्त पर। मेरा मानना है कि हर अच्छी चीज अपने तय समय पर ही होती है। इसलिए यह कमबैक मेरे लिए बहुत खास रहा और इसके लिए मैं दिल से भगवान का धन्यवाद करता हूं।

**जब आप फिल्मों से दूर थे, उस दौरान आप क्या कर रहे थे?**
मैं बस खाना खाता था और सोता था। इसके अलावा, मैं खुद पर ध्यान दे रहा था और खुद को फिट रखने की कोशिश कर रहा था। सबसे बड़ी बात, मैं फिल्मों में वापसी का इंतजार कर रहा था।

**आजकल बॉलीवुड में इतिहास और संस्कृति पर कई फिल्में बन रही हैं। जो हिट भी हो रही हैं। हाल ही में आई छावा। आपकी फिल्म भी इतिहास पर आधारित है। क्या आपको लगता है इससे आपकी फिल्म को फायदा मिलेगा?**
स्कूलों में हमारे वीर योद्धाओं के बारे में ज्यादा पढ़ाया नहीं जाता और न ही उन पर बहुत सी किताबें उपलब्ध हैं। ऐसे में यह फिल्म हमारी तरफ से केसरी वीरों को एक छोटा-सा ट्रिब्यूट है। उन वीरों को जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया और लोगों की रक्षा के लिए खड़े रहे।

**हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आप क्या कहना चाहेंगे?**
जो कुछ भी पहलगाम में हुआ, वह बेहद दुखद और पीड़ादायक है। लेकिन हमें इस बात का भरोसा है कि हमारी सरकार और हमारे सैनिक वहां पूरी मजबूती से मौजूद हैं और हमें सुरक्षित रखने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। वे ही हमारे असली केसरी वीर हैं।

**सुनील शेट्टी के साथ काम करके कैसा लगा? क्या आपने उनसे कुछ सीखा?**
मुझे सुनील सर के साथ काम करके बहुत अच्छा लगा। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा भी। सुनील सर की बेटी, आथिया, मेरी पहली को-स्टार थीं। कहते हैं ना, जिसके साथ आप पहली बार काम करते हैं, वह हमेशा खास होता है, आथिया भी मेरे लिए वैसी ही हैं। उसी दौरान मेरी मुलाकात सुनील सर से हुई थी, और तब से लेकर आज तक उन्होंने मुझे हमेशा प्रेरित किया है।

**क्या आप अपने अगले प्रोजेक्ट्स के बारे में कुछ बताना चाहेंगे?**
अभी मेरा पूरा फोकस फिल्म केसरी वीर पर है, जो जल्द ही रिलीज होने वाली है। फिलहाल मैं सिर्फ इसी प्रोजेक्ट पर ध्यान दे रहा हूं। आने वाले वक्त में देखते हैं कि क्या नया आता है।

# तीन मंजिला होगा विश्व हिन्दू परिषद का भवन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा महानगर में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यालय का भूमि द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक



पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें जगतगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद व विश्व हिन्दू परिषद के संरक्षक दिनेश, केंद्रीय मंत्री दिनेश उपाध्याय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री सोहन, प्रान्त मंत्री राजकुमार मेरठ प्रान्त, नोएडा महानगर अध्यक्ष एवं प्रांत उपाध्यक्ष छाया सिंह, विभाग मंत्री ललित, महानगर मंत्री दिनेश महावर के पंकज सिंह, महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, संजय बाली भी विशेष तौर पर मौजूद थे।

कार्यक्रम का संचालन सतेंद्र राघव ने किया। कार्यालय का भूमि पूजन के लिए मुख्य यजमान के रूप में समाजसेवी रोहतास चौहान ने अपनी पत्नी के साथ परिषद कार्यालय का भूमि पूजन किया।

विश्व हिन्दू परिषद् महानगर अध्यक्षा बहन छाया सिंह ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद का



कार्यालय का स्थान श्रीशक्ति माता मंदिर, सैक्टर-101, सलारपुर, नोएडा में बनाया जाएगा। विभाग मंत्री ललित ने बताया भूमि पूजन कार्यक्रम आचार्य पण्डित बालकिशन पांडित्य से संपन्न हुआ। साथ में महानगर कोषाध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी ने सम्पन्न करवाया।

गौतमबुद्धनगर के जिला अध्यक्ष विनय चौधरी ने बताया कार्यलय भवन तीन मंजिला होगा। भवन में सेवा कार्यहेतु कक्ष रहेंगे व प्रचारकों के लिए ठहरने की व्यवस्था रहेगी।

इस मौके पर उपाध्यक्ष सत्यवीर, सहमंत्री राजीव, प्रवेश, धर्म प्रसार जितेंद्र, विधि प्रकोष्ठ प्रमुख विपुल, मठ मंदिर प्रमुख़ विनोद चौहान, सत्संग प्रमुख विष्णु, प्रचार प्रमुख राहुल, प्रकाश, श्यामवीर, अजय, रवि एवं महानगर पूरी कार्यकारणी, मातृ शक्ति, दुर्गावाहिनी व प्रखण्ड कार्यकर्ता व सभी समाज के वरिष्ठ व प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



**गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने सेक्टर-101 में विश्व हिंदू परिषद के नवनिर्मित कार्यालय के भूमि पूजन समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा वहां उपस्थित पूज्य संत जन का आशीर्वाद प्राप्त किया।**

## जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक 29 मई को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी गौतमबुद्धनगर कर्नल कपिल कत्याल(अ0प्रा0) ने भूतपूर्व सैनिकों को जानकारी दी है कि जिला अधिकारी गौतमबुद्धनगर कि अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए 29 मई 2025 को दोपहर 1ः00 बजे कलेक्ट्रेट सभागार सूरजपुर में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक आहूत की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इस बैठक में भूमि विकास, पुलिस, बैंक, पेंशन, शिक्षा, आर्थिक अनुदान, रोजगार संबंधी समस्या तथा सैनिकों से संबंधित कोई अन्य समस्या का निस्तारण कराया जाएगा।

# रिटायर्ड कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल कार्ड बांटे

## एनईए अध्यक्ष व टीम ने सीईओ की पहल को सराहा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के सेवानिवृत्त कर्मचारियों/अधिकारियों को



कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण की शुरुआत प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. लोकेश एम के द्वारा की गई।

नोएडा एम्प्लाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष चौ. राजकुमार ने बताया कि पिछले काफ़ी लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा यह माँग की जा रही थी कि प्राधिकरण के सेवानिवृत्त कर्मचारी/अधिकारियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए जिसे प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा मान लिया गया तथा जनहित में सभी को एक बहुत ऐतिहासिक सौग़ात दी गई। इसमें सभी कर्मचारी/अधिकारियों को दो लाख रुपये तक प्रतिवर्ष कैशलेस की सुविधा अनुमन्य कर दी गई है। चौ. राजकुमार तथा एनईए की पूरी टीम ने सीईओ का आभार व्यक्त किया।

जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कार्ड वितरण किया गया जिसमें राम खेलावन,धरमपाल भाटी, दयाचंद, मुहम्मद रईस,राजेंद्र शर्मा, महेश यादव वीर सिंह, जगत तवर आदि शामिल थे।

कार्ड वितरण के समय अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती वंदना त्रिपाठी एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष चौधरी राजकुमार सिंह, महासचिव जितेंद्र कुमार, सचिव नीरज राणा, अमित कुमार, कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार सहित सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आरडब्ल्यूए के चुनाव सम्पन्न कराने पर पुलिस कमिश्नर का जताया आभार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-82, उद्योग विहार के आरडब्ल्यूए के चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के



लिए सेक्टर की नवनिर्वाचित रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने नोएडा की पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह को धन्यवाद दिया है।

आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष मंयक चौहान ने बताया कि पुलिस कमिश्नर ने समय पर पीसी (पुलिस कंट्रोल) और अन्य पुलिस अधिकारियों की तैनाती कर चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जिसके लिए कमिश्नर सहित पूरे पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

श्री चौहान ने समस्त प्रशासनिक अधिकारियों को भी उनके सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। टीम के महासचिव रंजन कुमार कोषाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी और उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मिश्रा सचिव राकेश सिंह अन्य सदस्यों में उमा रानी, प्रेमवती, एमपी विश्वकर्मा, राघवेंद्र पाठक, शिव सिंह पुंडीर, हरि कृष्ण, रामनरेश यादव, मुनेश कुमार, समस्त टीम ने पुलिस कमिश्नर का आभार जताया।

# 'गे-ऐप' के जाल में फंसाकर ब्लैकमेलिंग गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा में ग्रेंडर गे डेटिंग ऐप के जरिए लोगों को



फंसाकर उन्हें घरा-धमकाकर ब्लैक मेलिंग करने वाले गिरोह के सदस्यों को दादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के दो सदस्य थाना नॉलेज पार्क पुलिस पहले ही पकड़ चुकी है। पुलिस ने गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध तमंचा, चाकू और घटना से सम्बन्धित एक आई फोन-15 प्रो बरामद किया है।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि दादरी पुलिस ने दक्ष उर्फ कप्तान, भूपेन्द्र उर्फ भूप्पी, जय राघव व हनी गैंग को गिरफ्तार किया है।

एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा ने बताया कि पिछले महीने 17 अप्रैल को एक व्यक्ति को स्टेलर जिमखाना सोसायटी नॉलेज पार्क के पास से कार में बैठाकर अवैध शस्त्र दिखाकर डरा धमकाकर उसके फोन से 79 हजार रुपये दादरी में स्थित दुकान के बार कोड पर ट्रांसफर करवा लिये थे और आरोपियों ने उस पैसे से आई-फोन 15 प्रो 64 हजार में खरीदा और बाकि 15 हजार रूपये नकद ले लिये थे। इसके अलावा पीडित से 24500 रुपये कैफे के बार कोड पर करा लिये थे, जिनको बाद में जाकर कैफे से नकद ले लिया गया था।

आरोपियों को जीटी रोड से चिटहैरा शमसान को जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। इन आरोपियों ने कुछ दिन पहले हापुड़ में भी ऐसे ही एक व्यक्ति को बुलाकर उससे 25000 रुपये और एक सोने की चेन लूट ली थी। इसके अतिरिक्त भी इस गैंग के द्वारा अन्य घटनाए की गयी है। जिनकी जानकारी पुलिस करने में जुटी है।

# नोएडा में जीएसटी का बड़ा अधिकारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा शहर में एक बड़ा खुलासा हुआ है। खुलासा यह है कि नोएडा में GST विभाग का एक बड़ा अधिकारी रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ़्तार किया गया है।

दरअसल नोएडा के जीएसटी कार्यालय में तैनात प्रशासनिक अधिकारी सतेंद्र बहादुर सिंह को 45,000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई 19 मई 2025 को सतर्कता अधिष्ठान, मेरठ की टीम द्वारा की गई। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह ग्राम सल्लापुर नोएडा में वर्ष 2016 से 'रामटेक' नाम की फर्म चला रहा है, जो कंप्यूटर रिपेयरिंग का काम करती है। फर्म का जीएसटी पंजीकरण भी वर्ष 2016 में कराया गया था, लेकिन तकनीकी कारणों से 2016-17 और 2017-18 के लिए त्रस्ज्ञ रिटर्न दाखिल नहीं हो पाया था, जिससे



4,55,840 का कर बकाया हो गया था।

शिकायतकर्ता ने जब जीएसटी कार्यालय से संपर्क किया तो अधिकारी सतेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि फर्म की सेटेलमेंट प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए 45,000 देने होंगे। उन्होंने धमकी भी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो पूरा टैक्स जमा करना पड़ेगा, और कोई राहत नहीं मिलेगी।

शिकायतकर्ता की शिकायत मिलने पर मेरठ सेक्टर की सतर्कता टीम ने योजना बनाई। 19 मई 2025 को तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता ने जैसे ही 45,000 की रिश्वत दी, मौके पर मौजूद टीम ने सतेंद्र बहादुर सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

जांच के दौरान पाया गया कि अधिकारी ने रिश्वत की रकम शिकायतकर्ता से गौतमबुद्धनगर के एक बैंक खाते में ट्रांसफर करने को कहा था। इस खाते से जुड़े ट्रांजैक्शन डिटेल्स और रिकॉर्ड भी सतर्कता टीम ने जब्त कर लिए हैं।

सतेंद्र बहादुर सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और उन्हें हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ जारी है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान तेज

## निठारी में तीन दुकानदारों से जब्त किया 250 किलो प्लास्टिक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग ने सिंगल यूज प्लास्टिक






के खिलाफ अभियान चला कर करीब 250 किलोग्राम प्लास्टिक बैग्स जब्त किये।

जन स्वास्थ्य विभाग के महाप्रबंधक एसपी सिंह, ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह तथा खंड-1 के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल तथा निरीक्षक जगपाल सिंह समेत टीम ने निठारी गांव की गली नंबर-4, 5 तथा 6 में छापा मारा तथा यहां पर श्री छोटे प्लास्टिक की दुकान से 150 किलो, एसके. ट्रेडर्स की दुकान से 75 किलो तथा मुकेश बर्फ डिपो की दुकान से 25 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक बैग जब्त किए।

जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को चेतावनी दी कि यदि कहीं भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग अथवा बिक्री पाई गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी तथा सारा माल जब्त कर लिया जाएगा।

मालूम हो कि जन स्वास्थ्य विभाग ने पिछले दो हफ्ते से सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ आक्रामक अभियान छेड़ रखा है। इसी के तहत जगह-जगह मार्केट में छापेमारी करके प्लास्टिक बैग जब्त किए जा रहे हैं तथा लोगों को प्लास्टिक सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने की भी चेतावनी दी जा रही है।